दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 120 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। गुरुवार, 05 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष द्वितीया, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला

## श्रीलंका के पास डूबा, 80 सैनिकों की मौत; 32 का रेस्क्यू किया

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का बुधवार को पांचवां दिन था। अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 80 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था।

श्रीलंकाई अधिकारियों ने अल जजीरा को बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) मदद के लिए मैसेज भेजा। यह जहाज दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था।

### हेगसेथ बोले- ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हमले की जांच कर रहे

ईरान में एक गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में 160 से ज्यादा लोगों की मौत के मामले में अमेरिका ने जांच शुरू की है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि इस घटना की जांच की जा रही है। पत्रकारों से बातचीत में हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका आमतौर पर नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाता, लेकिन इस घटना की समीक्षा की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को ईरान में एक लड़कियों के स्कूल पर हुए हमले में 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सवाल उठे हैं।

### ट्रम्प की हत्या की कोशिश करने वाले अधिकारी की मौत

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने ट्रम्प की हत्या की साजिश रचने वाले ईरानी यूनिट के लीडर को मार दिया है। उन्होंने उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया, लेकिन कहा कि यह कार्रवाई मंगलवार को हुई। हेगसेथ ने कहा, जिस यूनिट ने राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या की कोशिश की थी, उसके नेता को ढूंढकर मार गिराया गया है। ईरान ने ट्रम्प को मारने की कोशिश की थी। लेकिन आखिर में ट्रम्प ही भारी पड़े। ईरान ने जनवरी 2025 में इन आरोपों को खारिज किया था। उसने कहा था कि ट्रम्प और अमेरिकी सरकार के दावे गलत हैं और उसने ट्रम्प की हत्या की कोई साजिश नहीं रची। नवंबर 2024 में अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने एक ईरानी नागरिक पर आरोप लगाया था कि वह ट्रम्प की हत्या की कथित साजिश में शामिल था। यह साजिश ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के कहने पर रची गई बताई गई थी।



### ईरानी युद्धपोत डूबने से अब तक 80 की मौत

श्रीलंका के पास डूबे ईरानी युद्धपोत पर सवार 80 सैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंका के उप विदेश मंत्री ने दी है। उन्होंने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह जहाज भारत के एक पूर्वी बंदरगाह से नौसैनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर ईरान लौट रहा था, तभी हिंद महासागर में उस पर हमला हुआ।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- ये तो अभी शुरुआत है

अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कि ईरान के खिलाफ चल रहा अमेरिकी सैन्य अभियान अभी शुरुआती दौर में है। इसे शुरू हुए चार दिन ही हुए हैं। आगे और बड़े हमले किए जाएंगे। हेगसेथ के मुताबिक अब अमेरिका और इजराइल मिलकर ईरान के पूरे आसमान पर कंट्रोल करेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें यह एक सप्ताह से भी कम समय में पूरा हो जाएगा। हेगसेथ ने कहा कि यह कभी बराबरी की लड़ाई नहीं थी और न ही है। हम उन्हें उस समय मार रहे हैं जब वे कमजोर हैं, और यही होना चाहिए।

### ईरान युद्ध से इजराइल को हर हफ्ते 2.9 अरब डॉलर का नुकसान

ईरान के साथ जारी युद्ध का असर इजराइल की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। इजराइल के वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस संघर्ष से देश को हर हफ्ते करीब 9 अरब शेकेल यानी लगभग 2 .9 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो सकता है। मंत्रालय के अनुसार युद्ध के कारण सैन्य खर्च बढ़ रहा है और कई क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। मिसाइल हमलों और सुरक्षा उपायों के चलते व्यापार और निवेश पर भी असर पड़ा है।

### नाटो ने तुर्किये की तरफ बढ़ रही ईरानी मिसाइल मार गिराई

तुर्किये ने कहा है कि नाटो के एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान से दागी गई एक मिसाइल को उसके एयरस्पेस में पहुंचने से पहले मार गिराया। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक मिसाइल इराक और सीरिया के ऊपर से गुजरते हुए हताय इलाके की दिशा में आ रही थी। बयान के अनुसार सुरक्षा खतरे को देखते हुए नाटो एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव किया गया और मिसाइल को तुर्किये के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया गया।

### अमेरिका ने नागरिकों से कतर छोड़ने को कहा

अमेरिका ने कतर में अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है। कतर स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि अगर सुरक्षित हो तो अमेरिकी नागरिक जल्द से जल्द कतर से निकल जाएं।

# राज्यसभा के लिए भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी, 4 नाम

## महाराष्ट्र से विनोद तावड़े, रामदास अठावले उम्मीदवार

बढ़ता राजस्थान





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 4 प्रत्याशियों के नाम वाली दूसरी लिस्ट जारी की है। इसमें केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और माया चिंतामन इवनाते और रामराव वडकुते के नाम हैं।

### 3 मार्च : 9 प्रत्याशियों के नाम की पहली लिस्ट

एक दिन पहले भाजपा ने राज्यसभा के लिए पार्टी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें 6 राज्यों से 9 नाम शामिल थे। अब 7 राज्यों से कुल 13 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हो चुका है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी बिहार से राज्यसभा भेजे जाएंगे। उनके अलावा बिहार से शिवेश कुमार का भी नाम है। छत्तीसगढ़ से भाजपा ने लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। असम से तेराश गोवाला, जोगेन मोहन, हरियाणा से संजय भाटिया, ओडिशा मनमोहन सामल, सुजीत कुमार और पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा उम्मीदवार हैं। 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी।

**राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल पूरा-** ये सभी सीटें संबंधित सदस्यों के कार्यकाल पूरा होने के कारण रिक्त हो रही हैं। राज्यसभा का कार्यकाल छह साल का होता है।







# नीतीश सीएम पद छोड़कर राज्यसभा जा सकते हैं

## बेटे निशांत के नाम की भी चर्चा, जेडीयू लीडरशिप नहीं चाहती कि नीतीश दिल्ली जाएं

बढ़ता राजस्थान



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना पद छोड़कर राज्यसभा जा सकते हैं। बुधवार शाम इसे लेकर सीएम आवास पर अहम बैठक हुई। इसमें संजय झा और विजय चौधरी मौजूद रहे। बताया जा रहा कि पार्टी के बड़े नेता नहीं चाहते हैं कि नीतीश दिल्ली जाएं।

इसी दौरान जदयू ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर पोस्ट कर लिखा- नीतीश कुमार जी बिहार के सर्वस्वीकार्य नेता हैं। उनकी लोकप्रियता आज हर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। लोगों का यह स्नेह और अपार समर्थन ही उनकी वास्तविक पहचान है।

वहीं, उनके बेटे निशांत कुमार के नाम की भी चर्चा हो रही है। पार्टी ने अभी तक इन चर्चाओं का खंडन नहीं किया है।

# पीएम के यूट्यूब सब्सक्राइबर 3 करोड़

## ट्रम्प से 7 गुना ज्यादा; इंस्टाग्राम पर भी 10 मिलियन फॉलोअर्स के साथ टॉप पॉलिटिशियन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी का यूट्यूब चैनल 3 करोड़ सब्सक्राइबर पार कर दुनिया के नेताओं में शीर्ष पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार उनके सब्सक्राइबर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 40 लाख से 7 गुना अधिक हैं।

इससे पहले, इंस्टाग्राम पर भी मोदी के 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर हो चुके हैं। पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल पर भाषण, 'मन की बात' और सरकारी पहलों से जुड़ी सामग्री साझा की जाती है।

भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब सब्सक्राइबर अन्य राजनीतिक नेताओं से काफी अधिक हैं।



# रंगों का त्यौहार धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)**। संपूर्ण क्षेत्र में रंगों का पावन पर्व होली और धुलंडी धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को होलिका दहन रात्रि 1:26 बजे भद्रा उपरांत किया गया। तत्पश्चात दूसरे दिन मंगलवार को चंद्र ग्रहण का असर दिखाई दिया जिस वजह से धुलंडी पर्व बुधवार को दिन भर धूमधाम से मनाया गया, सभी ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर ओर रंगो के साथ होली खेली ओर शुभकामनाएं प्रेषित की। पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चंद्र ग्रहण के कारण इस वर्ष होली एवं धुलंडी के पर्व पर धार्मिक परंपराओं में आंशिक बदलाव देखने को मिला। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल को अशुभ माना जाता है, इसलिए कई स्थानों पर लोगों ने ग्रहण समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन एवं रंगोत्सव की शुरुआत की।

ग्रहण के प्रभाव को देखते हुए मंदिरों के कपाट कुछ समय के लिए बंद रहे तथा पूजा-पाठ व धार्मिक अनुष्ठान स्थगित रखे गए। ग्रहण समाप्त होते ही शुद्धिकरण के लिए गंगाजल छिडक़ाव कर पुनः पूजा-अर्चना की गई। कई परिवारों ने परंपरा के अनुसार स्नान-दान कर ग्रहण दोष से मुक्ति की कामना की।

## दो पक्षों में हुआ झगड़ा, झगड़े में एक महिला की हुई मौत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)**। बानसूर के ग्राम पंचायत हाजीपुर के सीतावाली ढाणी में बीती रात्रि को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक महिला की मौत हो गई। थानाधिकारी राजेश यादव ने बताया कि बीती रात्रि को खेत में दीपक जलाने की बात को लेकर दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिली जिसमें एक महिला व एक पुरुष घायल हो गए थे। जिनको बानसूर राजकीय उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां महिला की गंभीर चोट के कारण जयपुर रैफर किया गया जहां निम्स अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि बाबूलाल यादव का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक महिला रवि देवी उम्र करीब 40 साल का बानसूर मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी राजेश यादव ने बताया कि घटना को लेकर मृतक महिला के पति विक्रम यादव ने झगड़ा करने व महिला की हत्या करने के मामले में रामकुवार सहित 21 महिला पुरूषों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## मेरा सौभाग्य की मैं आमजन की सेवा कर पा रहा हूँ-शेखावत

**शेखावत के आवास पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने खेली होली !विधायक ने नगाड़े की व चंग की थाप पर किया नृत्य**

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)**। विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय एवं अपने लाडले विधायक देवीसिंह शेखावत के एक बुलावे पर विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य लोगों का हुजूम उनके निजी आवास पर उमड़ पड़ा और शेखावत पर पुष्प वर्षा कर और रंगो से रंगीन कर ही संतोष लिया। वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत व उसके परिवार ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए पलक पावड़े बिछाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जाट समाज द्वारा नगाड़े की आवाज आवाज और चंग की थाप पर शेखावत अपने आप को रोक न सके और उपस्थित लोगों के साथ जमकर नृत्य किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का जिस जगह भाग्य लिखा जाता है उस जगह पर मुझे मेरे प्यारे बानसूर के लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उससे मैं कभी उऋण नहीं हो सकता !जब तक मेरे शरीर में प्राण हैं तब तक क्षेत्र के लोगों की सेवा निष्ठाभाव से करता रहूँगा !इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारियों ने भी शेखावत को होली की शुभकामनाएं दी।

## होली भाईचारे और सौहार्द का त्योंहार-राठौड़

**तहसील परिसर में तहसीलदार राठौड़ ने अर्जनिवीस व वसीकानवीस सहित स्टाम्प वैण्डरों के साथ खेली होली**



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)**। तहसील परिसर में तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ के नेतृत्व में वसीका नवीस व अर्जनिवीस सहित स्टाम्प वाईण्डारों व नोटेरी पब्लिक के वकीलों के साथ जमकर होली खेली। उन्होंने कहा की होली भाईचारे व सामाजिक सौहार्द का त्यौहार है। हम सबको आपसी मनमुटाव मिटाकर भाईचारे का सन्देश देता है। इस मौके पर स्टॉफ सहित तहसीलदार ने जमकर डांस किया।

## जंगल में फांसी पर लटका मिला व्यक्ति का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)**। झालावाड़ जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र के बरडिया हिरजी गांव में एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की मांग की।

थाना अधिकारी रामकरण कटारिया ने बताया कि पुलिस को तालाब के पास जंगल में एक व्यक्ति का शव फांसी पर लटका होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा।

मृतक की पहचान पीपाखेड़ी निवासी कालू सिंह के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद शव को चौमहला सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पंडित चतुरलाल की जन्मशती पर कल शिल्पग्राम में 'स्मृतियां' कॉन्सर्ट

**पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट का वीणा व सलिल भट्ट का सात्विक वीणा वादन के साथ होगा नियाजी निजामी ब्रदर्स का कव्वाली कार्यक्रम**

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। पं. चतुरलाल मेमोरियल सोसायटी एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत के महान तबला वादक, 'ताल के जादूगर' पंडित चतुर लाल की जन्मशती वर्ष के उपलक्ष्य में 6 मार्च को सायं 6.30 बजे शिल्पग्राम में स्मृतियां कॉन्सर्ट का भव्य आयोजन किया जाएगा।

यह वर्ष पंडित चतुरलाल के 100 वर्षों की गौरवशाली संगीत यात्रा को समर्पित है। पंडित चतुर लाल उन अग्रणी भारतीय ताल वादकों में थे जिन्होंने भारतीय ताल को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया।

भारतीय शास्त्रीय संगीत के वैश्विक इतिहास में वर्ष 1955 एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में दर्ज है, जब उस्ताद अली अकबर खाँ और पंडित चतुर लाल ने पश्चिमी देशों का ऐतिहासिक संगीत दौरा किया। उन्हें विश्वप्रसिद्ध वायलिन वादक येहूदी मेनुहिन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत और परिचित कराया गया। शिल्पग्राम में



6 मार्च को स्मृतियां कॉन्सर्ट का यह 26वाँ वर्ष विशेष रूप से उनकी स्मृति और विरासत को समर्पित रहेगा। इस अवसर पर देश-विदेश के विख्यात कलाकार एक ही मंच पर प्रस्तुति देंगे और अपनी कला के माध्यम से उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में पद्म भूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध मोहन वीणा वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट, तंत्री सम्राट पं. सलील भट्ट तथा प्रांशु चतुर लाल अपनी प्रस्तुतियों से संध्या को अलौकिक बनाएंगे। अंतरराष्ट्रीय कलाकार मोआ डेनियलसन द्वारा संतूर वादन की विशेष प्रस्तुति भी इस अवसर पर होगी, जो संगीत की वैश्विक सरहदों को स्पर्श करेगी। इसके अतिरिक्त सुप्रसिद्ध नियाजी निजामी ब्रदर्स द्वारा सूफी कव्वाली की विशेष प्रस्तुति आयोजित की जाएगी, जो श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर देगी। इसी कार्यक्रम में जिंक प्रतिभा टैलेंट हंट के विजेताओं को भी इस भव्य मंच पर अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

इस आयोजन को आरएसएमएम लिमिटेड एवं राजस्थान पर्यटन का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम के हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में प्राइड होटल तथा डिजिटल पार्टनर के रूप में सैंडीज ट्रैवल टेल्स जुड़े हुए हैं। यह संगीतमय संध्या केवल एक कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक विरासत का उत्सव है। एक ऐसी धरोहर का, जिसने भारतीय ताल को विश्व पटल पर अमर कर दिया। उदयपुर के समस्त संगीत प्रेमियों को इस ऐतिहासिक अवसर पर सादर आमंत्रित किया जाता है।

## श्री आदिनाथ विधान के साथ ही प्रथमेश -2026(भगवान ऋषभदेव के जन्म व तप कल्याणक महोत्सव ) के कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान के सहयोगी संगठन श्री अखिल भारतीयवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद द्वारा एक मार्च को प्रातः श्री नेमिनाथ जिनालय में सैकड़ों श्रावक व श्राविकाओ की उपस्थिति में श्री आदिनाथ विधान का हर्षोल्लास से आयोजन किया गया। संस्थान के संरक्षक पारस सिंघवी ने बताया कि इसके साथ ही प्रथमेश -2026( भगवान ऋषभदेव के जन्म व तप कल्याणक महोत्सव ) के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारम्भ हुआ। संस्थान के अध्यक्ष निर्मल मालवी ने बताया कि श्री आदिनाथ विधान में चिराग-दीपिका धर्मावत सौधर्म इंद्र-इंद्राणी, अरुण मोनिका लुणदीया इन्द्र -इंद्राणी, मनोज गदिया कुबेर इन्द्र, प्रवीण धनावत सनत कुमार इंद्र, विधान को पंडित सुनील जैन शास्त्री ने सम्पादित करवाया।

संस्थान कार्याध्यक्ष शांतिलाल गांगावत व महामंत्री राजेश देवड़ा ने सभी समाज जनों से आह्वान किया कि प्रथमेश- 2026 के सभी आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धर्म प्रभावना बढ़ाने का कार्य करें। संस्थान के मंत्री गौरव गनोड़ीया,कोषाध्यक्ष हेमेंद्र दामावत व सह कोषाध्यक्ष अशोक गोदडोत ने बताया कि सभी समाज अध्यक्ष महानुभावों से मार्गदर्शन लेने हेतु व श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान के अंतर्गत आने वाले सभी युवा व महिला संगठनों की कल एक बैठक रखी गई है जिसमें निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया जाएगा।

**पहले राजनीति जाति की थी आज विकास की:शेखावत**

## एक प्रतिशत लोगों के लिए राजनीति नहीं करता,मेरा उद्देश्य 99प्रतिशत लोगों की सेवा करना

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)**। विधानसभा से विधायक देवीसिंह शेखावत एक दिवसीय दौरे पर नगर पालिका क्षेत्र स्थित दयावाली आश्रम के पास सैनी महासभा भवन में सैनी समाज द्वारा आयोजित सर्वसमाज होली स्नेह मिलन समारोह में शिरकत की। शेखावत के आगमन पर उनका माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया वहीं तिलक होली खेलकर उनका अभिवादन भी किया गया। इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि मैं उन नेताओं में नहीं हूँ जो जातियों को लड़ाकर विधायक बनते आए हैं। उन्होंने कहा राजनीती में पैसा कमाने का मेरा शौक नहीं है पर सेवा करना मेरा शौक है जिसे निभाने के लिए मैं जी ज्यान कोशिश कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि समाज में आदिकाल से सिर्फ 1त्नप्रतिशत लोगों ने 99त्नलोगों को परेशान करने का प्रयास किया है जिसमें शासन का भी सहयोग रहा है !लेकिन आज के शासन और पुराने शासन दिन और रात का अन्तर है और रहेगा। मुझे सर्वसमाज से प्रेम है और रहेगा।

वहीं भाजपा नेता डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि आजतक का यदि कोई सर्वश्रेष्ठ विधायक कहा जा सकता है तो उसका नाम है देवीसिंह शेखावत।पूर्व के विधायक सिर्फ घोषणा करते थे लेकिन शेखावत तो काम धरातल पर करते हैं। डॉ बोहरा ने कहा कि शेखावत का कार्यकाल एक स्वर्णिम काल है जिसे सतयुग कहा जा सकता है। वहीं अलवर उत्तर के जिला महामंत्री जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि जिस तरह सैनी समाज प्रत्येक वर्ष सर्वजातीय होली स्नेहमिलन समारोह का आयोजन करता है ठीक उसी प्रकार हिन्दू सनातनियों को भी ऐसे आयोजन करने चाहिए।

वहीं भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश कटारिया ने शेखावत की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि एक मात्र विधायक जिन्होंने हमारे समाज के सम्मान के लिए हमारी मांगो को विधानसभा के पटल पर रखा उसके लिए सम्पूर्ण समाज की ओर से साधुवाद।कटारिया ने कहा कि हमने राजनेता और विधायक बहुत देखे हैं पर शेखावत का मुकाबला नहीं !इस मौके पर सैनी महासभा समिति बानसूर के अध्यक्ष समाजसेवी ठेकेदार निरंजन लाल सैनी ने कहा कि यह आज का आयोजन सिर्फ भाईचारे का है और प्रत्येक वर्ष की तरह वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करने का है। इस मौके पर सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष बलराम सैनी,बानसूर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष नीता मिश्रा के प्रतिनिधि एवं अलवर उत्तर के जिला उपाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, संदीप सिंघल, आईटी सैल के पूर्व जिला प्रमुख विजय कुमावत,दीपक शास्त्री,अध्यक्ष अरुण सैनी,संदीप सैनी,जगदीश सैनी,नरेश सैनी, मोहित सैनी,ताराचंद सैनी, बालजी सैनी,एडवोकेट किशोरी लाल सैनी, रामचंद्र सैनी, रोहिताश सैनी, जीतराम सैनी, प्यारेलाल सैनी, लक्ष्मण सैनी, संतलाल सैनी,रामनिवास सैनी, नरेश सैनी, सुभाष सैनी, जयराम सैनी,टिंकू सैनी, विमल, मेहरचंद, प्रकाश सहित राजस्थान परिवहन निगम के पास प्राप्त करने वालों सहित सर्वसमाज के गणमान्य लोग काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

**विकास, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता के साथ मनाया होली मिलन समारोह**

## होली का पर्व प्रेम भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है- डॉ. शैलेश दिगंबर सिंह

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)**। गोवर्धन रोड स्थित प्रताप मैरिज होम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के होली मिलन समारोह में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश दिगंबर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, होली का यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। रंगों का यह उत्सव हमें भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर क्षेत्र और प्रदेश के विकास के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि डीग ब्रज संस्कृति की पहचान है और यहां फूलों व गुलाल की होली, रसिया गायन और काव्य पाठ जैसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

विधायक डॉ. सिंह ने प्रदेश सरकार के बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि डीग जिले को मिनी सचिवालय, हवाई पट्टी के विस्तार, रिंग रोड सहित कई विकास कार्यों की सौगात मिली है। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

समारोह के दौरान शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष बाबू सिंह जादौन, ओमप्रकाश कौशिक, प्रदीप कुमार बंटू, श्याम ठाकुर, राजेंद्र खंडेलवाल, गौरव सोनी, प्रमोद वकील, भावना गांधी, गिरीश शर्मा सहित महिला कार्यकर्ताओं, भाजपा पदाधिकारियों और आसपास के गांवों से आए प्रतिनिधियों ने विधायक का गुलाल लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में फूलों की होली, ब्रज के रसिया, होली गीत एवं काव्य पाठ जैसे सांस्कृतिक आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में विधायक ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

## अमृत लाल पूर्बिया का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। वर्दी बाई गणेश लाल चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया द्वारा उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं व उत्तम व्यवहार के लिए सिनियर नर्सिंग आंफिसर अमृत लाल पूर्बिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मधुबाला पूर्बिया, डॉ सचिन पूर्बिया, राहुल पूर्बिया, अंकित पूर्बिया , हिना पूर्बिया व सौरभ पूर्बिया उपस्थित थे।



## 'उदयपुर में विद्या भवन सोसायटी कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। विद्या भवन सोसायटी कर्मचारी संघ द्वारा गुरुवार, 05 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह दोपहर विद्या भवन ऑडिटोरियम, डॉ. मोहन सिंह मेहता मार्ग, देवाली रोड, उदयपुर में आयोजित होगा, जिसमें संस्थान से जुड़े पदाधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में गुलाब चंद कटारिया, राज्यपाल पंजाब एवं प्रशासक, चंडीगढ़, अपनी विशिष्ट उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सोसायटी के उपाध्यक्ष भगवत सिंह बाबेल तथा मुख्य संचालक राजेन्द्र भट्ट मौजूद रहेंगे। कर्मचारी संघ के संरक्षक प्रो. हेमेन्द्र सिंह चंडालिया एवं सलाहकार दीपक शर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी विधिवत शपथ ग्रहण कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे और पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करेंगे। संजय धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संयोजक सुधीर कुमावत सभी सदस्यों और कर्मचारियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को आग्रह किया है।

# राज फाउंडेशन ट्रस्ट बानसूर के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बानसूर का लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)**। माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अलवर में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में राज फाऊंडेशन ट्रस्ट बानसूर के खिलाड़ियों ने परचम लहराया है। संपूर्ण अलवर जिले की विभिन्न तहसीलों से छात्र तथा छात्रा वर्ग की अनेक टीमों में भाग लिया। बानसूर उपखंड की छात्रा वर्ग ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कबड्डी छात्र वर्ग में बानसूर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्साखींच प्रतियोगिता में बानसूर के पुरुष वर्ग ने ही प्रथम स्थान प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रा वर्ग ने रस्सा कसी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एथलीट में छात्रा वर्ग में 100 मीटर में अनु प्रजापत द्वितीय स्थान प्राप्त किया व छात्र वर्ग में नितेश यादव ने 400 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेता टीमों को माय भारत युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अलवर के पदाधिकारी ने सम्मानित किया। राज फाऊंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने बताया की संपूर्ण बानसूर उपखंड में प्रत्येक पंचायत स्तर पर पूरे वर्ष अलग-अलग प्रतियोगिताएं ट्रस्ट की ओर से नियमित रूप से करवाई गई। जिससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचाना जा सके। उनमें से अच्छे खिलाड़ियों को टीम बनाकर खेल मंत्रालय के जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेलने के लिए भेजा गया।

जहां बानसूर की टीमों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में बानसूर का खेल के क्षेत्र में एक नया परचम लहराया है। अति शीघ्र ही इनमें से क्षेत्र की प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर भी खेलने के लिए भेजा जाएगा।इसके लिए अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने आरसीआई स्कूल के पीटीआई मंगतु राम ,नव भार विकास कुमार अभिषेक कुमार तथा राकेश यादव को विशेष धन्यवाद देते हुए आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट किया।

संपूर्ण बानसूर उपखंड के सभी खो-खो कबड्डी वालीबाल ऊंची कूद लंबी कूद रस काशी तथा दौड़ प्रतियोगिताओं के 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के सभी महिला तथा पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ट्रस्ट की ओर से 20 मार्च से 22 मार्च तक विशाल ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन आरसीआई कैंपस बानसूर में आयोजित करवाया जाएगा। क्षेत्र के सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ी इसमें भाग लेने के लिए 17 मार्च 2026 तक आरसीआई कैंपस में संपर्क कर सकते हैं।

# अवैध कब्जों पर जेडीए का 'वज्रपात'- दो माह में 233 करोड़ की 37 बीघा सरकारी जमीन अवैध कब्जा मुक्त

## अवैध कब्जों पर जेडीए की जीरो टॉलरेंस, सोमवार से शुरू होगा साप्ताहिक अभियान

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण अनियमितताओं के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' और सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन ने बुधवार को प्रवर्तन शाखा की समीक्षा बैठक ली । बैठक में श्री महाजन ने ज़ोन 10,13,14,15,16,22,23,24 और ज़ोन 25 कि कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में बताया गया की आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन द्वारा प्रदत्त सपष्ट निर्देशों की अनुपालना में जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने कड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पिछले दो माह में बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया है।

**37 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त, बाजार कीमत 233.40 करोड़ रुपये**

प्रवर्तन शाखा द्वारा की गई कार्रवाई के तहत केवल जनवरी और फरवरी माह में ही कुल 37 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 233.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। महाजन ने बताया की जनवरी 2026 में प्रवर्तन दस्ते ने जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए करीब 17 बीघा भूमि से अवैध कब्जे हटाए। इस भूमि की अनुमानित राशि 173.40 करोड़ रुपये है, इसके अतिरिक्त फरवरी माह के प्रथम पखवाड़े में ही त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 20 बीघा भूमि को खाली करवाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये है। जेडीए द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई से अवैध कॉलोनी काटने वाले और अतिक्रमण करने वाले तत्वों में हडक़ंप है।

**सख्ती से निपटा जाएगा आवांछित तत्वों से- महाजन**

आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने कहा कि जेडीए की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण की सूचना मिलते ही नियमानुसार चालान पेश कर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोमवार से साप्ताहिक अभियान शुरू कर इसी गति से सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण के सभी लम्बित मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए जेडीए प्रतिबद्ध है और राज्य सरकार की मंशानुरूप सुनियोजित नगरीय विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है । महाजन ने आमजन से शहर के नियोजित विकास में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जयपुर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नागरिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अवैध निर्माण, कब्जा या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के लिए जेडीए द्वारा 24&7 कंट्रोल रूम और डिजिटल पोर्टल संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त भागचंद बधाल, अतिरिक्त आयुक्त भूमि श्री प्रतिभा पारीक, मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्रीमति शिल्पा चौधरी सहित ज़ोन उपायुक्त एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्ड नंबर 6 में टूटी वर्षों पुरानी परंपरा, ढाणी ज्यादावाली में पहली बार सामूहिक होलिका दहन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 स्थित ढाणी ज्यादावाली में इस बार होली का पर्व एक नई मिसाल बन गया। वर्षों से अलग-अलग स्थानों पर होलिका दहन की परंपरा को पीछे छोड़ते हुए इस बार सभी ढाणी वासियों ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से होलिका दहन किया। एकता की नई पहल ढाणी वासियों ने आपसी सहमति से निर्णय लेकर एक ही स्थान पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और होलिका दहन संपन्न किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कदम आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में बड़ा संदेश है। होलिका दहन के दौरान ढाणी में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ों से लेकर बच्चों तक सभी ने पारंपरिक गीतों और ढप की थाप पर नृत्य कर पर्व की खुशियां साझा कीं। ग्रामीणों का मानना है कि इस पहल से आपसी मनमुटाव दूर होंगे और युवा पीढ़ी को एकजुटता का संदेश मिलेगा। इस सामूहिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की है।

## कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा होली का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने एकजुट होकर आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में रंग-गुलाल के साथ पारंपरिक उत्साह देखने को मिला और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं। आयोजन समारोह में प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंह राठौड़, सचिव डॉ. कमल शर्मा, कमलेश मीणा, धीरज कुमार तथा कोटपूतली ब्लॉक उपाध्यक्ष के.एम. बंसल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता और सामाजिक समरसता पर जोर दिया।

**शिष्टाचार भेंट और आशीर्वाद :** चिकित्सा प्रकोष्ठ की टीम ने जिला अध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर के निवास पर पहुँचकर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इसके बाद पूर्व विधायक एडवोकेट रामचंद्र रावत से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

**क्षेत्रवासियों के साथ होली मिलन :** नेताओं ने स्थानीय क्षेत्रवासियों के साथ भी होली का पर्व मनाया। इस दौरान डॉ. अभिलाष मीणा और मनमोहन सिंह राठौड़ ने कहा कि होली का त्योहार आपसी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने का संदेश देता है।इस आयोजन ने संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी परिचय दिया।

## रींगस में निकली अनोखी होली



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)** ।कस्बे के गोपीनाथ राजा मंदिर के सामने सोमवार को होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। दोपहर बाद में मुर्दे की शव यात्रा के लिए अर्थी तैयार की गई कस्बे वासियों ने बताया कि कस्बे में कई सालों होली पर शव यात्रा व बारात को एक साथ निकाला जाता है बारात व शव यात्रा गोपीनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर जामा मस्जिद, जोशियों का मोहल्ला, आजाद चौक होते हुए दशहरा मैदान पहुंची। दशहरा मैदान में शव यात्रा का अंतिम संस्कार किया गया। रींगस थाना थानाधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में कस्बे में जगह-जगह पुलिस जाप्ता तैनात किया गया कस्बे की इस अनूठी होली के पीछे बरसों से परंपरा चली आ रही है कि शव यात्रा कस्बे की बुराइयों व समस्याओं तथा दूल्हे की बारात आने वाले साल की खुशियों व उल्लास का प्रतीक माना जाता है।

## ऑपरेशन अदृश्य की ऐतिहासिक सफलता: 19 साल से पहचान बदलकर रह रहा 20 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बारां जिला पुलिस ने ऑपरेशन अदृश्य के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। साल 2007 में हुए एक खौफनाक हत्याकांड का मुख्य आरोपी जो पिछले 19 वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था आखिरकार सलाखों के पीछे पहुँच गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु के नेतृत्व में जिला विशेष टीम ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर से 20 हजार रुपये के इनामी अपराधी कल्ली उर्फ बल्लू जाटव पुत्र मांगीलाल उर्फ बाबूलाल 44 निवासी मोहना जिला ग्वालियर को गिरफ्तार किया है। एसपी अंदासु ने बताया कि आरोपी इतना शातिर था कि उसने पिछले दो दशकों में अपनी पहचान पूरी तरह बदल ली थी। वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और पुलिस की नजरों से ओझल था, इसीलिए बारां पुलिस ने इस मिशन को ऑपरेशन अदृश्य नाम दिया। पिछले 3 महीनों से स्पेशल टीम के सदस्य अपनी पहचान छिपाकर ग्वालियर और शिवपुरी के ग्रामीण इलाकों में तलाश कर रहे थे। सटीक फील्ड वेरिफिकेशन के बाद टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को धर दबोचा।

## ड्यूटी के दौरान आर्मी जवान गिरधारी लाल कुमावत का निधन, राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** खाटूश्यामजी सदर थाना क्षेत्र के ग्राम मगनपुरा (गिगनपुरा) निवासी आर्मी जवान गिरधारी लाल कुमावत पुत्र मांगीलाल कुमावत का ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। जवान रूडक़ी (उत्तराखंड) में तैनात थे। उनकी पार्थिव देह सेना की टुकड़ी द्वारा पुलिस थाना खाटूश्यामजी लाई गई, जहां से तिरंगा यात्रा के साथ उनके पैतृक गांव मगनपुरा के लिए रवाना किया गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। निधन की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। ग्राम मगनपुरा में जवान का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ। 18 जाट रेजीमेंट के सूबेदार दिगम्बर सिंह एवं हवलदार सुनील कुमार ने तिरंगा शहीद के 6 वर्षीय पुत्र देवांशु को ससम्मान सौंपा तथा सेना की टुकड़ी द्वारा बंदूकों से सलामी दी गई। शहीद के पुत्र देवांशु ने मुखाग्नि देकर अपने पिता को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा एवं श्रद्धांजलि सभा में सीकर सांसद अमराराम, भाजपा नेता गजानंद कुमावत, निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह गोगावास, पद्मश्री सम्मानित बजरंग लाल ताखर, मगनपुरा सरपंच सुरेश वर्मा, बाज्यावास सरपंच चंदा धायल, नरेंद्र वर्मा, सांवरमल खोरा, दिनेश ठेहट, मदन ताखर, पलसाना नायब तहसीलदार रामनिवास बोचलिया तथा खाटूश्यामजी सदर थानाधिकारी अमित कुमार नागौरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्र की सेवा में समर्पित इस वीर जवान को क्षेत्रवासी सदैव सम्मानपूर्वक स्मरण करते रहेंगे।

## ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल में परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति जयपुर का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल के दूसरे दिन रविवार, 01 मार्च 2026 की प्रातःकालीन सत्र में परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति, जयपुर के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में फेस्टिवल के को-फाउंडर आर.के. व्यास ने समिति के मुख्य संरक्षक आर.के. अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय, उपाध्यक्ष नवल किशोर पारीक एवं राधेश्याम सोनी, तथा मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय का पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने कार्यक्रम की गरिमामय व्यवस्था और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखकर सभी उपस्थितजन भाव-विभोर एवं अभिभूत नजर आए। समिति पदाधिकारियों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज में स्वास्थ्य, सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता के प्रसार हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## रणजीत सिंह सोडाला भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स.)।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में प्रदेश कार्यसमिति का विस्तार किया है। पार्टी नेतृत्व ने स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति कर संगठनात्मक ढांचे को नया स्वरूप दिया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी द्वारा जारी सूची में कुल 154 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद उन्हें बधाई देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का उनके निवास पर तांता लगा रहा। रणजीत सिंह सोडाला ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

## होली के पावन अवसर पर प्राचीन श्री कल्याण मंदिर, हातोज धाम में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** फलोदी मेगा हाईवे-कालवाड़ रोड स्थित पावन तीर्थ हातोज धाम में दिनांक 02 मार्च 2026 को पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्राचीन श्री कल्याण मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीजी महाराज की मनोहर एवं फूल बंगले की झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

प्रातः 4.15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पंचामृत द्वारा भगवान श्रीजी महाराज का अभिषेक किया गया तथा उन्हें नवीन एवं आकर्षक पोशाक धारण कराई गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा होली उत्सव के उपलक्ष्य में भगवान श्रीजी महाराज के साथ गुलाल अर्पित कर भक्तिमय होली खेली गई। मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ के सान्निध्य में भव्य महाआरती संपन्न हुई। मंदिर पुजारी पं. नीरज वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर दिनभर मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कल्याण महाराज के दर्शन कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

**कार्यालय नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह जिला टोंक (राज.)**

क्रमांक :—न.पा.लाम्बा./स्टोर/2025—26/606 दिनांक :— 26.02.2026

**निविदा सूचना – स्टोर/24/2025–26**

**(NIB NUMBER - DLB2526B2210)**

नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह मे विभिन्न सप्लाई कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 06.03.2026 दोपहर 1.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। अन्य विवरण व शर्ते www.Sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. - DLB2526SSRC36207, DLB2526SSRC36208, DLB2526SSRC36209, DLB2526SSRC36210, DLB2526SSRC36211**

राज.संवाद/सी/25/21637

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह

**कृषि महाविद्यालय, झिलाई (निवाई), टोंक**

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर), Email : dean.coajhilai@sknau.ac.in

क्रमांक :- कृमविझि/स्था./2026/4081 दिनांक :- 26/02/2026

**विज्ञापन**

कृषि महाविद्यालय, झिलाई (टोंक) के कृषि फार्म पर वित्तीय वर्ष 2025—26 में Shade Net House (250 Sq. Meter) & Green House Structure (250 Sq. Meter) संलग्न सूची के अनुसार क्रय करने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं/सेवाप्रदाताओं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 05.03.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदायें खुली निविदा प्रक्रिया के तहत द्वि लिफाफे पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की सभी शर्ते कार्यालय दिवस में निविदा फार्म शुल्क रूपये 500/— एवं MSME के लिए RTPP Rules 2013 के अनुसार Dean, College of Agriculture, Jhilai के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट, बैंकर चैक या नगद राशि का भुगतान कर दिनांक 05.03.2026 दोपहर 11.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकतें हैं अथवा www.sknau.ac.in एवं sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकतें हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन दोपहर 3:00 बजें उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष कृषि महाविद्यालय, झिलाई की गठित कमेटी द्वारा खोली जावेगी। निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

| Sr. No. | Name of Items | Approx. Amount (Rs.) | 2% Earnest Money (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Shade Net House (250 Sq. Meter) & Green House Structure (250 Sq. Meter) (SKN2526GSOB00515) | 479000.00 | 9580.00 |

राज.संवाद/सी/25/21688 अधिष्ठाता

## रंगों के उत्सव में घुली आपसी भाईचारे की मिठास,कोटपूतली में लगातार दो दिनों तक हर्षोल्लास के साथ खेली गई होली

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक एकता के साथ मनाया गया। मंगलवार सुबह से ही फिजाओं में गुलाल की महक और फाग गीतों की मधुर गूंज सुनाई दी। बच्चे हों या बुजुर्ग—हर कोई रंगों के इस उल्लास में सराबोर नजर आया।एकता का प्रतीक बनी रंगों की बौछारग्रामीणों ने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। सफेद कुर्तों पर जब लाल, पीले और नारंगी रंगों की छटा बिखरी तो पूरा माहौल भारतीय संस्कृति की जीवंत तस्वीर बन गया। युवाओं और बुजुर्गों की संयुक्त टोलियों ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। सांस्कृतिक मूल्यों के साथ सुरक्षित होली का संदेशइस अवसर पर रासायनिक रंगों के स्थान पर अबीर-गुलाल के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों में मिठास घोलने और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिनभर के उत्सव के बाद शाम को लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर गुझिया खिलाई और बड़ों का आशीर्वाद लिया। इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में सैनी समाज के उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, सचिव एडवोकेट योगेश सैनी, पूर्व उपप्रधान रोहिताश सैनी, एडवोकेट नवीन कुमार सैनी, सुगन सैनी, सुभाष सैनी, हेमराज सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, चोथमल सैनी, सुभाष जमालपुरिया, सीताराम सैनी, विक्रम सैनी, रिंकू सैनी, जीतू सैनी, समीर सैनी, अक्षय सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था, तृतीय तल, पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005**

क्रमांक: एफ. 1 (78) बीप्रसं/ भंडार / 2023 /1483 दिनांक: यथा हस्ताक्षरित

**सफेद सूती कपडे की थैलियों की आपूर्ति हेतु ई-बोली आमंत्रण सूचना**

संस्था को सफेद सूती कपड़े की थैलियों की आपूर्ति हेतु अनुमानित लागत लगभग 11,00,000/- रुपये के लिए पंजीकृत निर्माताओं / आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 10.03.2026 दोपहर 03:00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेन्ट / ई-टेण्डरिंग के माध्यम से बिड / बोली आमंत्रित की जाती है ।

बिड का विस्तृत विवरण संस्था की वेबसाईट http://www.agriculture.rajasthan.gov.in व SPP Portal की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN-SCA2526GLO BO00003

DIPR/C/4527/2026

(कैलाश चन्द मीना)
निदेशक

## सम्पादकीय

# ईरान-इजरायल युद्ध के बाद विश्व के सामने नया संकट

ईरान के खिलाफ इजरायल-अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई फिलहाल किसी नतीजे पर पहुंचती नहीं दिख रही है। न तो इजरायल-अमेरिका के हमले थम रहे हैं और न ही ईरान की जवाबी कार्रवाई। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि ईरान वार्ता के लिए राजी हो गया है, पर ईरानी नेता इससे साफ इन्कार कर रहे हैं। कहना कठिन है कि यह सैन्य टकराव कब और कैसे खत्म होगा, क्योंकि इसके आसार नहीं कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत से वहां सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित हो गया है। ईरान फिलहाल भले ही नेतृत्व विहीन सा दिख रहा हो, लेकिन उसकी सेना और विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कोर अपने कदम पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं। वह इजरायल और अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाने के साथ खाड़ी के देशों के नागरिक क्षेत्रों में भी ड्रोन और मिसाइलें दाग रही है। इससे इन देशों में अफरा-तफरी का माहौल है। पता नहीं ईरान पड़ोसी देशों के नागरिक ठिकानों को किस मकसद से निशाना बना रहा है, क्योंकि इससे वह अपने विरोधी तो बढ़ा ही रहा है, पहले से अधिक अलग-थलग भी पड़ता जा रहा है। ईरान जिस तरह ऊर्जा आपूर्ति के मार्गों और विशेष रूप से होर्मुज जल मार्ग के लिए खतरे पैदा कर रहा है, उससे तेल और गैस की आपूर्ति पर असर पडऩा शुरू हो गया है। यह समुद्री जल मार्ग लगभग 25 प्रतिशत तेल और 30 प्रतिशत एलएनजी आपूर्ति का रास्ता है, जो इसे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनाता है। इस जल मार्ग के बाधित होने का मतलब है तेल और गैस के दाम बढऩा और एशिया, यूरोप समेत दुनिया के अन्य हिस्सों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होना। यह ध्यान रहे कि तेल के दाम बढऩे शुरू हो गए हैं। यदि वे इसी तरह बढ़ते रहे तो पहले से ही अनिश्चितता से गुजर रही विश्व अर्थव्यवस्था का संकट और बढ़ जाएगा। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ही जिम्मेदार होंगे, क्योंकि यह एक तथ्य है कि इजरायल अमेरिका की सहमति और सहायता के बिना ईरान पर हमला बोलने की स्थिति में नहीं था। इस विनाशकारी सैन्य टकराव का केंद्र बिंदु भले ही पश्चिम एशिया हो, लेकिन उससे पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। कठिनाई यह है कि कोई भी बीच-बचाव करने की स्थिति में नहीं। यह सैन्य संघर्ष जितनी जल्दी थमे, उतना ही पश्चिम एशिया समेत विश्व के लिए अच्छा, लेकिन इसकी सूरत तब बनेगी, जब दोनों पक्ष यह समझेंगे कि वे अपनी ही नहीं चला सकते। ईरान भले ही



इजरायल-अमेरिका को सबक सिखाने का दम भर रहा हो, लेकिन वह इन दोनों देशों की सैन्य शक्ति का लंबे समय तक सामना करने की स्थिति में नहीं। इसी तरह अमेरिका और इजरायल के लिए यह आसान नहीं कि वे ईरान में आनन-फानन सत्ता परिवर्तन कर सकें।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 05 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1968 - मार्टिन लूथर किंग की हत्या।
- 1983 - आस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी के नेता बाब हाक प्रधानमंत्री बने।
- 1997 - भारत तथा तेरह अन्य देशों ने इंडियन ओशन रिम एसोसियेशन के गठन की घोषणा की।
- 1999 - आज़ाद देश के राष्ट्रकुल के कार्यकारी सचिव बोरिस बेरनोवस्की की बर्खास्तगी, फ़िल्म अभिनेता सुनील दत्त ने कोलंबो से अपने 17 सदस्यीय दल के साथ दक्षिण एशिया की 13 हज़ार किलोमीटर लम्बी सद्भावना यात्रा का शुभारम्भ किया।
- 2001 - कोलंबिया के राष्ट्रपति परुत्राना चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए, मक्का में ईद के दौरान भगदड़ में 36 यात्री मरे।
- 2002 - राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- 2003 - अलकायदा का शीर्ष आतंकवादी मुस्तफ़ा अहमद अल-हवसावी रावलपिंडी में गिरफ़्तार।
- 2006 - पाकिस्तान में अलकायदा और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 100 लोग मारे गये।
- 2007 - अर्जेन्टीना ने भारत द्वारा अदालती कार्रवाही के लिए क्वात्रोची के प्रत्यर्पण दस्तावेज स्वीकृत किये।
- 2008 - महाराष्ट्र के राज्यपाल एस.एम. कृष्णा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। भारत ने समुद्र से ज़मीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- 2009 - भारतीय उद्योगपति विजय माल्या ने 18 लाख रुपये में बापू की विरासत को ख़रीदा। इफ्को (इंडियन फार्मा फर्टिलाइजर कोउपरेटिव लिमिटेड) एक करोड़ टन उर्वरक की वार्षिक बिक्री करने वाली विश्व की पहली कम्पनी बनी। बिजनेस मैगज़ीन फोर्ब्स ने 48 परोपकारी दिग्गज़ों की लिस्ट में टेलिकॉम किंग सुनील मित्तल और प्रवासी व्यापारी अनिल अग्रवाल समेत चार भारतीयों के नाम शामिल किये।
- 2018 - द शेप ऑफ़ वाटर ने 90वें अकादमी पुरस्कार पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित चार ऑस्कर जीते।

## विशेष आलेख

# स्थायी शांति के लिए संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक



विवेक वैष्णव



विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, तकनीक और सुरक्षा, सभी क्षेत्रों में तेज़ बदलाव दिखाई दे रहे हैं। आज का वैश्विक मंच कई जटिल चुनौतियों और अवसरों से घिरा हुआ है। विश्व अब एक ध्रुवीय व्यवस्था से आगे बढक़र बहु ध्रुवीय संरचना की ओर बढ़ रहा है। मौजूदा वैश्विक मंच का दृष्टिकोण प्रतिस्पर्धा और सहयोग, दोनों के मिश्रण पर आधारित है। जहाँ एक ओर शक्तिशाली देश अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास भी जारी हैं। ईरान और इसराइल के बीच दशकों से चला आ रहा ''छाया युद्ध'' अब एक अत्यंत गंभीर और सीधे सैन्य संघर्ष के चरण में पहुँच गया है। आज की स्थिति के अनुसार क्षेत्र में हालात बहुत तनावपूर्ण हैं और आने वाले कल को लेकर पूरी दुनिया में एक चिंता भी बनी हुई है। अमेरिका और इसराइल ने मिलकर ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' शुरू किया है। तेहरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए गए हैं। ईरान ने भी इसराइल के साथ-साथ उन खाड़ी देशों जैसे यूएई, बहरीन, ओमान आदि पर भी मिसाइल हमले किए हैं जहाँ अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं। लेबनान में हिजबुल्ला और अन्य प्रॉक्सी गुटों के साथ भी संघर्ष तेज हो गया है। ईरान-इसराइल युद्ध का भविष्य वर्तमान में एक अत्यंत नाजुक मोड़ पर है। मार्च 2026 की शुरुआत में हुए बड़े सैन्य ऑपरेशनों और ईरान के नेतृत्व पर आए संकट ने भविष्य की राह को काफी जटिल बना दिया है। ईरान और इसराइल का संघर्ष अब केवल दो देशों के बीच नहीं रहा बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई हाल ही के इन हमलों में मारे गए हैं। इस खबर ने ईरान के भीतर सत्ता के भविष्य पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। यदि खामेनेई की मृत्यु के बाद ईरान का शासन तंत्र बिखर जाता है तो ईरान में एक नई सरकार या गृह युद्ध की स्थिति बन सकती है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र में ईरान का प्रभाव तो कम होगा ही साथ ही आंतरिक अस्थिरता भी बढ़ सकती है। आने वाले कुछ दिन यह तय करेंगे कि यह युद्ध शांत होगा या पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेगा। मध्य पूर्व में तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। पूरे मध्य पूर्व में युद्ध की लपटें फैल रही हैं। इस युद्ध का भविष्य अगले कुछ हफ्तों की सैन्य गतिविधियों पर निर्भर करता है। ईरान का ''एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस'' (हिजबुल्ला, हूती और सीरियाई मिलिशिया) अब भी सक्रिय है। यदि ईरान अपने अस्तित्व को बचाने के लिए इन समूहों को इसराइल और अमेरिकी ठिकानों पर चौतरफा हमले का आदेश देता है तो यह युद्ध लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक पूरी तरह फैल जाएगा। इससे खाड़ी देशों (जैसे सऊदी अरब और यूएई) के भी युद्ध में घसीटे जाने का खतरा है जो वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप कर सकता है। रूस या चीन सीधे हस्तक्षेप करते हैं तो यह स्थिति तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है जिससे तेल की कीमतें आसमान छू लेंगी। अमेरिका और इसराइल का उद्देश्य केवल युद्ध जीतना नहीं बल्कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके क्षेत्रीय प्रभाव को जड़ से खत्म करना है। ट्रंप प्रशासन के कड़े रुख के कारण आने वाले महीनों में एक नए क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे का निर्माण हो सकता है जहाँ इसराइल और अरब देश मिलकर ईरान को अलग-थलग कर दें। यदि ईरान के भीतर से कोई मजबूत पलटवार नहीं होता है तो इसराइल और अमेरिका अपनी शर्तों पर नया मध्य पूर्व बनाने की कोशिश करेंगे। यदि ईरान की नई सरकार लचीला रुख अपनाती है तो एक नया 'शांति समझौता' संभव है लेकिन इसकी राह बहुत कठिन होगी। लेकिन इसके विपरीत यदि रूस या चीन पर्दे के पीछे से ईरान की मदद करते हैं तो यह संघर्ष एक लंबी और विनाशकारी वैश्विक जंग का रूप ले सकता है।

मिडिल ईस्ट में युद्ध केवल स्थानीय समस्या नहीं है बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर पड़ता है। शांति, संवाद और कूटनीति ही इस क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक हैं। मिडिल ईस्ट विश्व का प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र है। यहाँ अस्थिरता बढ़ते ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आने लगता है।

युद्ध लंबा खिंचने पर कच्चा तेल महंगा हो सकता है। तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित होने से वैश्विक बाजार अस्थिर होता है। तेल उत्पादन और निर्यात में बाधा से वैश्विक तेल कीमतें बढ़ती हैं। उद्योग, व्यापार और पर्यटन प्रभावित होते हैं, बेरोजगारी और महंगाई बढ़ती है, विदेशी निवेश कम हो सकता है। समुद्री व्यापार मार्गों विशेषकर लाल सागर क्षेत्र में तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित होता है। लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार ठप हो सकता है। भारत जैसे तेल आयातक देशों पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# ऊर्जा दक्षता अपनाएँ, सतत विकास की राह बनाएँ

### विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस



सुनील कुमार महला

*विश्व की लगातार बढ़ती जनसंख्या के बीच वर्तमान समय में ऊर्जा संकट एक गंभीर विषय है। आज विकासशील देशों में ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है।*

5 मार्च को 'विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में,इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। ऊर्जा दक्षता का अर्थ है-कम ऊर्जा में अधिक कार्य करना। अर्थात् सीधे शब्दों में कहें तो बिजली, पेट्रोलियम, गैस जैसे संसाधनों का सीमित और समझदारीपूर्ण उपयोग कर बेहतर परिणाम प्राप्त करना। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगीकरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच ऊर्जा दक्षता वैश्विक प्राथमिकता बन चुकी है। यह भी उल्लेखनीय है कि 'विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस' प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा बचत और उसके सतत उपयोग के महत्व को रेखांकित करना है। विश्व की लगातार बढ़ती जनसंख्या के बीच वर्तमान समय में ऊर्जा संकट एक गंभीर विषय है। आज विकासशील देशों में ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, जबकि कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस जैसे पारंपरिक संसाधन बहुत ही सीमित हैं। इनका अत्यधिक उपयोग कार्बन उत्सर्जन( ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन) को बढ़ाता है, जो ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण है। इसलिए ऊर्जा का तर्कसंगत उपयोग आज की महती आवश्यकता है।

यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस की शुरुआत वर्ष 1998 में ऑस्ट्रिया में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से मानी जाती है, जहां ऊर्जा संकट और उसके समाधान पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हुई।

इसके बाद 5 मार्च को ऊर्जा दक्षता के प्रति जागरूकता दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी संस्था ने ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा है, क्योंकि यह वह ऊर्जा है जिसे उत्पन्न करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। यानी बचाई गई ऊर्जा ही सबसे सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा है। हाल के वर्षों में इस दिवस की थीम ऊर्जा संक्रमण, नेट-ज़ीरो उत्सर्जन तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा जैसे विषयों पर केंद्रित रही है। कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज-28( कॉप 28 ) में वैश्विक स्तर पर यह संकल्प लिया गया कि 2030 तक ऊर्जा दक्षता सुधार की वार्षिक दर को 4प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा।

यदि वैश्विक स्तर पर उद्योग अपनी ऊर्जा दक्षता में केवल 20प्रतिशत सुधार कर लें, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था में खरबों डॉलर की बचत संभव है। ऊर्जा दक्षता में निवेश पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक रोजगार उत्पन्न करता है।

'नेगावाट' यानी बचाई गई बिजली की अवधारणा आज जलवायु परिवर्तन से लडऩे का प्रभावी और किफायती साधन बन चुकी है। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 20-30प्रतिशत तक की कमी संभव है। भारत के संदर्भ में देखें तो देश विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### सच्ची पूजा

उठो ! अरे, उठो भी ! जाना नहीं है क्या ? सुबह-सुबह पत्नी के मुख से जाने की बात सुन, मैं कुछ सकपका सा गया। आज तो छुट्टी है, फिर कहाँ ? प्रश्नवाचक निगाहों से, मैंने उनकी तरफ देखा। आप भी न भूल जाते हो, कल ही तो बोला था कि आज मंदिर चलेंगे, शिवरात्रि है ना आज। ओह ! मैं भी ना, उम्र के इस पड़ाव पर आकर, शायद कुछ भुलक्कड़ सा हो गया हूँ। छुट्टी के चक्कर में, भूल ही गया कि छुट्टी है किसलिए आज। पत्नी कह कर जा चुकी थी। मैं जल्दी से उठा और तैयारी में लग गया। इधर पत्नी भी तैयार हो गई थी। हम दोनों ही पूजा का सामान ले, मंदिर की तरफ निकल पड़े। काफी दूर निकल आए तो पत्नी ने अचानक रुकते हुए पूछा, भूल आए न ! मैं विस्मित नजरों से उन्हें देखते हुए पूछा, अब क्या भूल गया मैं ? उन्होंने कहा, टेबल पर दूध रखा था... वो कहाँ है ? कहाँ ध्यान रहता है आप का ! मुझसे बोला था क्या लेने को ? मैंने धीमी आवाज़ में कहा। मगर, उत्तर के लिए, पत्नी की तरफ देखने की हिम्मत नहीं हुई। हम मंदिर के पास पहुँच चुके थे। सहसा, सामने की एक दुकान की ओर संकेत करते हुए मैं पत्नी से बोला, दूध सामने की दुकान से ले आता हूँ। हम दोनों भी लाइन में लग गए और भगवन के दर्शन की कामना में प्रतीक्षा करने लगे। लाइन में बढते-बढते देखा, आगे एक कूड़ादान था जिसके पास एक आदमी शायद कुछ तलाश रहा था। मैं जिज्ञासावश उस ओर ध्यान से देखने लगा। उस आदमी ने कूड़ेदान से एक डिब्बा निकला, जो शायद खाने के कुछ सामान का रहा होगा, और उसे किसी ने फेंक दिया होगा। उस आदमी के होंठों पर हलकी सी मुस्कान आ गयी। शायद वह काफी भूखा था। उसने वो डिब्बा लिया और वहीं एक किनारे बैठकर उसे खोलने लगा। मुझे जाने क्या हुआ। मैं आगे खड़ी पत्नी से बोला, मैं अभी आया। मेरी पत्नी शायद पूछना चाह रही थी कि मैं यूं लाइन छोडक़र कहाँ जा रहा हूँ लेकिन तब तक मैं लाइन से बाहर हो आगे निकल चुका था। मैंने दूध के दोनों पैकेट उसकी ओर बढ़ाते हुए कहा, लो, ये पी लो। उसे जैसे सहज विश्वास ही नहीं हो रहा था, मेरे पुनः आग्रह करने पर उसने वे पैकेट पकड़ लिए।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# होली के सिंथेटिक रंगों से फेफड़ों को हो सकता है गंभीर नुकसान, बरतें ये सावधानियां

**हवा में उड़ते रंग का श्वसन तंत्र पर असर :** सूखे गुलाल और अबीर बहुत बारीक कणों से बने होते हैं। ये कण नाक और गले से होते हुए श्वासनलिका और फेफड़ों की छोटी वायुनलिकाओं तक पहुंचते हैं। जब ये कण अंदर जमा होते हैं, तो शरीर उन्हें बाहरी तत्व मानकर प्रतिक्रिया देता है। इससे सूजन, जलन और एलर्जिक रिएक्शन होता है। कुछ सस्ते रंगों में औद्योगिक डाई, धातु कण या रसायन भी मिलाए जाते हैं। ये रसायन श्वसन तंत्र की अंदरूनी परत को परेशान करते हैं। इससे सूखी



खांसी, गले में खराश, सीने में जकडऩ और सांस लेने में तकलीफ होती है। जिन लोगों को पहले से एलर्जी या सांस की बीमारी रहती है, उनमें यह असर अधिक तेज होता है।

**धूल, धुआं और भीड़ का असर :** होली के दौरान सडक़ों पर भीड़ रहती है। डीजे, धुआं, वाहनों की आवाजाही और खुले में जलती लकडियों का धुआं हवा की गुणवत्ता को और खराब करता है। जब रंगों के कण प्रदूषण के कणों के साथ मिलते हैं, तो उनका प्रभाव और बढ़ जाता है। फेफड़े हर दिन हवा को फिल्टर करते हैं, लेकिन जब हवा में अत्यधिक कण होते हैं तो उनकी सफाई क्षमता प्रभावित होती है। इससे सांस फूलना और थकान महसूस होती है। कई लोगों में होली के बाद कुछ दिनों तक लगातार खांसी बनी रहती है।




**मेष**

आज आपको अपने खर्चों की आदत में बदलाव लाने की आवश्यकता है, क्योंकि आप बेफिजूल के खर्चों पर ज्यादा ध्यान देंगे और आपके मनमौजी स्वभाव के कारण भी लोग आपसे परेशान रहेंगे।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयां लेकर आएगा। आपका काम करने में मन थोड़ा कम लगेगा और आपके कुछ विरोधी आपको बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। उच्च शिक्षा की मार्ग प्रशस्थ होंगे और आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर भी पूरी निगरानी बनाकर रखें। यदि किसी से धन्यवाद लिया था।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके आस पड़ोस में यदि किसी बात को लेकर कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाएं और नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपके विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए कठिनाइयां लेकर आएगा, इसलिए आपको किसी भी मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा और कोई कानूनी मामला आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। आप अपनी आंख व कान खोलकर कामों को करें।

**तुला**

आज आपको अपनी किसी पुराने गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। किसी परिवार के सदस्य के विवाह को लेकर आपको टेंशन बनी रहेगी, जिसके लिए आप बड़े सदस्यों से बातचीत अवश्य करेंगे। आपने यदि किसी काम को कल पर टालने की कोशिश की।

**वृश्चिक**

आज आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा सा ध्यान देना होगा, क्योंकि आप किसी बिजनेस से संबंधित काम को लेकर यात्रा पर भी जा सकते हैं। आप किसी को धन उधार बहुत ही सोच समझ कर दें।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी और आपकी इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे।

**मकर**

आज आपको अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर व्यय करना बेहतर रहेगा। बिजनेस में भी बदलाव बहुत ही सोच समझकर करें, जो लोग विदेशो से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा, क्योंकि आप किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बना कर रखेंगे, जिससे आपकी लोगों से खूब पटेगी और आपको किसी राजनीतिक आयोजन में भी सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए किसी बात को बहुत ही सोच समझ कर बोलने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

## विश्व वन्यजीव दिवसः विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण के लिए किया प्रेरित




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर रणथम्भौर बाघ परियोजना के मुख्य वन संरक्षक शारदा प्रताप सिंह तथा उप वन संरक्षक मानस सिंह के निर्देशन में बुधवार को वन्यजीवों, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के संरक्षण तथा सांस्कृतिक विरासत और आजीविका को सुरक्षित रखने की थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोशियोलॉजिस्ट ममता साहू द्वारा विद्यार्थियों एवं वन्यजीव प्रेमियों के लिए वन्यजीव संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य वन संरक्षक शारदा प्रताप सिंह ने कहा कि खाद्य श्रृंखला और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए वन एवं वन्यजीवों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। उप वन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सहभागिता को मजबूत करना है। रणथम्भौर बाघ परियोजना के सहायक वन संरक्षक रवनीश कुमार ने अपने संबोधन में वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी के पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने के लिए मनुष्य के साथ पशु-पक्षियों और वनस्पतियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वन्यजीव एवं वनों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें पार्क के विभिन्न रूट्स, पारिस्थितिकी तंत्र, घासभूमि, प्राकृतिक संसाधनों, पक्षियों और वन्यजीवों के महत्व तथा संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई।

## असली रंग तो हमारे व्यवहार और हमारी संस्कृति का है- रामसहाय वर्मा


बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भगतसिंह कॉलोनी वासियों द्वारा भगतसिंह पार्क में होली स्नेहमिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें कॉलोनिवासियों ने आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ रंगों के पावन पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा एवं निवर्तमान चेयरमैन दिलीप इसरानी ने दीप प्रज्वलित करके किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने होली व धुलण्डी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंग और गुलाल तो मात्र एक माध्यम हैं, असली रंग तो हमारे व्यवहार और हमारी संस्कृति का है। हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि बडों का आशीर्वाद और छोटों का स्नेह ही समाज की असली पूंजी है। निवर्तमान चेयरमैन दिलीप इसरानी ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जो आपसी सद्भाव देखने को मिला है, यह हमारे शहर की एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजनीति और सामाजिक व्यस्तताओं के बीच ऐसे आयोजन हमें नई ऊर्जा देते हैं। आप सभी के जीवन में खुशियों के रंग इसी तरह बरसता रहें। यही मेरी कामना है। समारोह में महिलाओं ने राधा-कृष्ण रास एवं फूलों की होली खेली। जो मुख्य आकर्षण के केन्द्र रही। इस दौरान भजनों की धुन पर महिलाओं व बच्चों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एंकर श्याम भैया ने हास्य प्रस्तुतियों व कॉमेडी से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, गिर्राज, मोहन पारीक, धर्मचंद नेहरू, कैलाश नटवाडा, चेतन जैन, सुनील झिलाय, आकाश चंवरिया, राकेश कठमाण, पिंकी कठमाणा, रिंकू भाणजा, सपना छाबडा, राहुल, ज्योति छाबडा, अंकित लटूरिया, रीना लटूरिया, ममता पराना, मुन्नी जैन व सीमा प्रेस सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद थे।

## आराध्य देवी का किया रक्ताभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गाँव काटोली में स्थित महाभारत कालीन माँ भद्रकाली व शिव मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी ने चंद्रग्रहण के शुभ योग में लगभग 9 घंटे तक विशेष साधना करते हुए शाम सवा 7 बजे आराध्य देवी माँ भद्रकाली का अपने रक्त से अभिषेक किया। इस दौरान कच्चा दूध, दही, शहद, घी, मिश्री व गंगा जल से विशेष अभिषेक किया गया। अघोरी श्रीराम महाराज ने बताया कि रक्त अभिषेक इसलिए किया जाता है। क्योंकि रक्त को अहंकार, क्रोध, मोह व सांसारिक इच्छाओं का प्रतीक माना जाता है। रक्ताभिषेक के माध्यम से साधक आराध्य देवी के चरणों में अहंकार, क्रोध, मोह व सांसारिक इच्छाओं को अर्पित करता है। उन्होंने बताया कि यह अभिषेक अपने इष्ट के प्रति आत्म समर्पण करने व बलिदान का सर्वोत्तम रूप माना जाता है। जिससे देवी प्रसन्न होती है। उन्होंने बताया कि जब कोई साधक अपने इष्ट को प्रसन्न करने के लिए अपने आपको कष्ट देते हुए रक्ताभिषेक करता है, इसको हट योग साधना भी कहते हैं। अघोरी बाबा ने बताया कि यह सिद्धि साधना भक्तों के कल्याण के लिए की जाती है। सभी की मनोकामना इन्हीं सिद्धि साधनाओं के प्रभाव सें पूर्ण होती हैं। इन कष्टों को देखकर इष्ट जल्दी राजी होते हैं।



## पैदल जा रहे युवक के बाइक ने मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जयपुर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल जा रहे युवक के एक बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करके उसे टोंक रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि आशीष सैनी पुत्र रोशन सैनी निवासी वार्ड नंबर 14 राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार धर्मराज पुत्र चिरंजीलाल मीणा व राजू पुत्र जगदीश मीणा दोनों निवासी मूंडिया ने उसके टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जन शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता जवाबदेही और पारदर्शिता जरूरीः जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी परिवादों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता, जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखना अति आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा योजना के तहत सवाई माधोपुर जिला राज्य में प्रथम होने पर पशुपालन विभाग के कार्यो की सराहना की और आगे भी इसी तरह कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को बजट घोषणा 2026-27 के तहत सभी भूमि आवंटन कार्यो का चयन कर प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को एसडीआरएफ के तहत शेष कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करवाने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सभी पीएचसी एवं सीएचसी में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, कृषि विभाग के अधिकारी को फसल कटाई प्रयोगों में प्रगति बढ़ाने और गिरदावरी से संबंधित साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने, पंचायती राज विभाग को पेंशन सत्यापन अभियान में तेजी लाकर तीन दिन में 95 प्रतिशत से अधिक सत्यापन सुनिश्चित करने तथा प्रगति कम होने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

### सम्पर्क पोर्टल पर निस्तारित प्रकरणों का क्रोस वेरिफिकेशन के निर्देश

जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर असंतुष्ट श्रेणी के प्रकरणों का विभागीय अधिकारी स्वयं फिल्ड भ्रमण कर वास्तविक स्थिति की जांच करें और शत-प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का समाधान जिला स्तर पर संभव है उनका तत्काल निस्तारण किया जाए तथा जहां राज्य स्तर की आवश्यकता हो वहां संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसीईओ शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम गौरव मिश्रल, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, पीएमओ डॉ. तेजराम मीना, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बीएस मीना, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## पाराशर की संत दर्शन यात्रा बनी युवाओं के लिए बन रही प्रेरणास्त्रोत

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ब्राह्मण समाज विप्र संवाद मनोज पाराशर की विगत पांच वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई संत दर्शन यात्रा अब युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। स्थिति यह है कि पाराशर की यात्राओं में युवाओं की टोलियां साथ चल रही है। गौरतलब है कि पाराशर ने हाल ही में पुष्कर से संत दर्शन यात्रा 2.0 का शुभारंभ बागेश्वर धाम के पीठाधीस्वर धीरेंद्र सास्त्री से मिलकर पोस्टर विमोचन करा प्रारंभ किया है। पाराशर की संत दर्शन यात्रा से अभी तक हजारों युवा जुड़ चुके है जो धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना करते है एवं संत महात्माओं से मिलकर सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार सहित सांस्कृतिक मूल्यों पर चर्चा करते है! पाराशर की संत दर्शन यात्रा से युवाओं में सनातन धर्म के प्रति आस्था जागृत हुई है! उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य देश में आध्यात्मिक वैदिक सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करना है। होली पर संत दर्शन यात्रा के माध्यम से पाराशर ब्रज के धार्मिक स्थलों पर गए उन्होंने बरसाने में आध्यात्मिक संत विनोद बाबा एवं गोवर्धन में हरिओम बाबा का आशीर्वाद लिया एवं संत दर्शन यात्रा के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा कर गोवर्धन के मुखारबिंद एवं दानघाटी मंदिर पर पूजा अर्चना की। बरसाने में राधारानी के मंदिर में विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर उनका ब्रज छेत्र में स्वागत सम्मान भी किया गया। पाराशर के साथ इस यात्रा में राहुल मुखिया, समीर शर्मा, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, कृष्णकुमार कौशिक, राहुल दीक्षित, शुभम दीक्षित के साथ साथ सैकड़ों युवा उपस्थित थे। हाल ही में पाराशर ने संत दर्शन यात्रा के माध्यम से बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र साश्त्री टोंक सद्गुरु आश्रम में आध्यात्मिक गुरु पंडित राजकुमार शर्मा से भी भेंट की पाराशर ने देश भर में सनातन बोर्ड की स्थापना की मांग भी उठाई है ताकि संत समाज को इस बोर्ड के माध्यम से सहयोग एवं संरक्षण मिल सके।

## इंस्पायर अवार्डः सवाई माधोपुर का शानदार प्रदर्शन, राजस्थान में दूसरा स्थान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जब विद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थी स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक विचार प्रस्तुत करने लगते हैं, तब शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहती बल्कि नवाचार का माध्यम बन जाती है। ऐसे नवाचार को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए चयनित होकर सवाई माधोपुर जिले की 367 स्कूली प्रतिभाओं ने आगे बढ़ाया है। योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों की चयन संख्या के लिहाज से सवाई माधोपुर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। स्थानीय प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। योजना के अंतर्गत जिले के 367 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें अपने नवाचारी वैज्ञानिक विचारों को विकसित करने के लिए प्रति विद्यार्थी 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार जिले के विद्यार्थियों के लिए कुल 36 लाख 70 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। जिले का प्रदर्शन राज्य स्तर पर अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। चयनित विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर जयपुर 604 विद्यार्थियों के साथ प्रथम स्थान पर है, जबकि सवाई माधोपुर 367 विद्यार्थियों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद झुंझुनूं, अलवर, जोधपुर और चित्तौडग़ढ़ जैसे बड़े जिलों के मुकाबले सवाई माधोपुर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) हरकेश मीना ने बताया कि इस वर्ष जिले में योजना के तहत 5236 विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन किया गया। जिला कलक्टर काना राम ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले में विज्ञान शिक्षा और नवाचार को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीरवायु पदों में भर्ती के लिए आयु सीमा में छूट के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** वायुसैनिक चयन केंद्र के कमान अधिकारी विंग कमांडर अभिषेक कटोच ने बताया कि भारतीय वायुसेना में अग्निवीरवायु पदों में भर्ती के लिए आयु सीमा में छूट के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 मार्च से शुरु हो गई है।

इस बार आयु सीमा में छूट दी गई है। अब अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष से बढ़ा कर 22 वर्ष कर दी गई है। भारतीय वायु सेना ने अग्निवीरवायु पदों पर पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों दोनों के लिए अग्निवीरवायु इंटैक 01/2027 के लिए आवेदन पोर्टल 3 से 10 मार्च 2026 तक फिर से चालू कर दिया है जिसके द्वारा इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदन करके आयु सीमा में दी गई छूट का लाभ उठा सकते है। भारतीय वायुसेना ने हाल ही में कोरिजेंडम जारी करके इसकी जानकारी दी है। अभ्यर्थी वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्यंतिमबतनप जउमदजण्मकबपसण्बवण्पदध् पर जाकर भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसके लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 जनवरी 2005 से लेकर 1 जुलाई 2009 के बीच होनी चाहिए।

साथ ही अभ्यर्थी को 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं इसके साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक होना अनिवार्य है।

12 वीं भौतिकी एवं गणित विषय वाले अभ्यर्थी साइंस ग्रुप एवं अन्य ग्रुप दोनों में आवेदन के पात्र होगे। जब कि 12 वीं या समकक्ष परीक्षा में अन्य विषयों वाले अभ्यर्थी अन्य ग्रुप (साइंस के अलावा) में आवेदन के पात्र होंगे। आयु सीमा के अलावा बाकी अन्य सभी जानकारी, भर्ती प्रकिया के मानदंड वायु सेना अग्निवीरवायु पदों पर भर्ती के विज्ञप्ति के अनुसार होंगे।

## जमकर खेली होली,मंगलवार व बुधवार को दो दिन खेली होली

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** मंगलवार को सुबह से ही धुलण्डी के पर्व पर सैंकडों युवक अनेक टोलियों में सडकों पर ढोल नगाडे की धुन पर नाचते गाते हुडदंग मचाकर एक दूसरे के गुलाल व रंग लगाकर होली खेली। बच्चों ने भी मकानों की छतो पर चढकर लोगों पर पानी व रंग गुलाल फैककर होली का आनन्द लिया। इस दौरान कलाकारों द्वारा डोलक व मंजीरे की मधुर धुनों पर देवर म्हारो रे, यो हरीयो रूमाल वालो रे, पपीया तेरे बोलन की रूत आई रे, कुण रा महीना बोले मोर पपीया, कुआ में बोले कबूतर ओर आमडिया में बोले कोयलडिया एवं बोलन की ये बोलन रूत आई रे सहित कई शेखावाटी चंग व धमाल की प्रतुतियां देकर लोगों का मनोरंजन किया। इसी प्रकार विधायक निवास पर विधायक रामसहाय वर्मा एवं पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में धुलण्डी का विशोष आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, निवर्तमान प्रधान रामअवतार लांगडी, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार जाट, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, सीताराम हरभांवता, राजाराम कसाणा, जगदीश गुर्जर लुणेरा एवं शंकरलाल हाथीवाल सहित कई भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली खेली। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि होली का पर्व हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इससे आपस में भाईचारा बढता है। इसी प्रकार गांवों में भी युवाओं ने जमकर एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली का आनन्द उठाया तथा मंदिरों में कई अनुष्ठानों करके फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बालको सहित पुरूषों व महिलाओं ने होली खेलते हुए डीजे के फाग भजनों पर जमकर ठूमके लगाएं। होली के पर्व को लेकर सोमवार की रात्रि से ही लोगों ने मोबाइलों पर वाटसएप व फेसबुक पर मेसेज भेजकर एवं फोन करके एक दूसरे को होली व धुलंडी की बधाई व शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार को भी लोग होली के रंग में रंगे हुए दिखाई।

# महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम शुभारम्भ 4 मार्च को किया गया। निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजित हुई।कार्यक्रम की शुरुआत में महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी ने विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किए जाने के लिए आयोजित इस कार्यशाला में, केंद्र सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान पर वार्ता की। बेटियों के अस्तित्व, घटते जन्म के समय लिंगानुपात, शिक्षा एवं पोषण के लिए बच्चियों के समान अधिकार पर भी विचार व्यक्त किए। काली बाई भील शिक्षा सेतु योजना पर बात करते हुए सोनी ने बताया कि इस योजना द्वारा ड्रॉप आउट बालिकाएं शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकती हैं। वर्तमान डिजिटल समय की प्रासंगिकता को देखते हुए विभाग द्वारा निशुल्क व्यावसायिक कोर्स भी करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं में उद्यमिता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। महिलाओं को अपना उद्यम स्थापित करने या पहले से चल रहे उद्यम को विस्तारित करने के लिए लोन दिया जात है। ऋृण राशि पर विभाग द्वारा 25 से 30 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। आर्थिक सशक्तिकरण पर मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना पर भी चर्चा की। वर्क फ्रॉम होम योजना महिलाओं को उनके स्किल सेट के अनुसार घर बैठे काम मुहैया करवाने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। गृहणियां, कॉलेज छात्राएं, या ऐसी महिलाएं जो घर से दूर जाकर अपनी आय अर्जित करने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इस योजना में आवेदक और साथ ही नियोक्ता भी रजिस्टर करवा सकते हैं। छोटे कुटीर उद्योगों यथा सिलाई, कढ़ाई, आचार बनाना से लेकर हाई-टेक कम्प्यूटिंग, टाइपिंग, कंटेंट राइटिंग जैसे उद्यम भी इस पोर्टल के माध्यम से दूरस्थ महिलाओं को उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। सहायक निदेशक ने बताया कि राजस्थान के सभी जिलों में एक सखी केंद्र अवश्य होता है, जहां एक ही छत के नीचे प्रताडित्त महिला को चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, विधिक परामर्श मुहैया करवाने के लिए काउंसलर उपस्थित रहते हैं। सखी केंद्र चिकित्सालय से 2 किमी के दायरे में ही स्थापित किए जाते हैं। टोंक जिले का सखी केंद्र जनाना अस्पताल के तृतीय तल पर संचालित है। इसी प्रकार टोंक जिले के सभी थाना सर्किल पर महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र संचालित हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा ने गर्भवती, धात्री महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध सेवाओं को विस्तार से बताया। पीएमएमवीवाई, एमएमएमपीवाई इत्यादि योजनाओं पर चर्चा की।

## नीलिमा गुप्ता के चौथे उपन्यास 'गांधार नंदिनी' का विमोचन समारोह 08 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'सृजक' एवं सामाजिक संस्था आर. सी. एन. जी. ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में देश की प्रतिष्ठित कथाकार श्रीमती नीलिमा गुप्ता के पौराणिक पात्र गांधारी पर केन्द्रित आत्मकथात्मक उपन्यास 'गांधार नंदिनी' का विमोचन समारोह आगामी दिनांक 08 मार्च ( रविवार ) को पुराने दिल्ली रोड़ पर मूंगस्का स्थित पेट्रोल पम्प के पास चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में आयोजित किया जाएगा । सृजक संस्थान के सचिव रामचरण राग ने बताया कि श्रीमती नीलिमा गुप्ता के पौराणिक कथाओं पर आधारित गांधार नंदिनी के प्रकाशन से पूर्व तीन और प्रकाशित उपन्यास मैं हूँ सीता , मैं कृष्ण सखी तथा मैं बाबा का कान्हा तथा एक कहानी संग्रह स्त्री विमर्श की ग्यारह कहानियाँ साहित्यिक - जगत में प्रभावी उपस्थिति दजर्. कर चुके हैं । इस पुस्तक विमोचन समारोह की अध्यक्षता - वरिष्ठ साहित्यकार - प्रबोध कुमार गोविल करेंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं जयपुर दूरदर्शन के पूर्व निदेशक - नंद भारद्वाज, मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की संस्थापिका डॉ0 बीना अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में ख्यात कथाकार एवं प्रकाशक रमेश खत्री तथा वक्ता के रूप में युवा कवि एवं समीक्षक प्रेम शर्मा उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम में अलवर के प्रायः सभी युवा एवं वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी, प्रबुद्धजन एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे।

## लीली यादव गांधीनगर वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गांधीनगर वेलफेयर सोसायटी की दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष लिली यादव को चुना गया सभी ने होली मिलन समारोह में लिली यादव को बधाई प्रेषित की। काँग्रेस की शहर अध्यक्ष के रूप में लंबे समय से जिम्मेदार का निर्वहन कर रही हैं लीली जी।

## भीतरी शहर में धूमधाम से निकली इलोजी महाराज की बारात

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** शहर के भीतरी क्षेत्र भीम जी की हथाई से



श्री श्री 1008 इलोजी महाराज की बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गईं जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. भीमजी मोहल्ला विकास समिति के मुकेश व्यास ने बताया कि इलोजी महाराज की बारात होली के समय कई वर्षो से निकलती आ रहीं हैं समय के साथ कई बदलाव भी देखने को मिले हैं लेकिन क्षेत्र के लोगों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जाता है । इलोजी महाराज की बारात शहर के भीतरी क्षेत्र भीम जी की हथाई से पुंगलपाड़ा,हटडीयों का चौक होते हुए कबूतरों का चौक से भीतरी क्षेत्र में निकाली गई जिसका समापन भीम जी की हथाई में हुआ इस बारात में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया इस बारात में भीमजी जी की हथाई मोहल्ला समिति के लोग भी मौजूद रहे।

## गज्जू बन्ना ने जर्मनी से वीडियो साझा कर ऐसे दी रंगोत्सव की बधाई ,जर्मनी में यूएनडब्ल्यूटीओ मंत्री स्तरीय बैठक में कर रहे हैं प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर/बर्लिन।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जर्मनी के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। केंद्रीय



मंत्री शेखावत बर्लिन में आयोजित संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन यूएनडब्ल्यूटीओ की पर्यटन मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस कारण केंद्रीय मंत्री शेखावत इस बार होली पर जोधपुर नहीं सके। उन्होंने जर्मनी से ही एक वीडियो साझा कर सभी को रंगोत्सव की बधाई शुभकामना दी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार तडक़े जर्मनी के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए। वे बर्लिन में आयोजित होने वाली संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की पर्यटन मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक का विषय 'एम्पावरिंग इमर्जिंग डेस्टिनेशंसः फ्रॉम पोटेंशियल टू परफॉर्मेंस' है। 4 मार्च को केंद्रीय मंत्री शेखावत बर्लिन से एथेंस (ग्रीस) के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से वे काहिरा (मिस्र) जाएंगे। काहिरा में 5 मार्च को ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम और पिरामिड ऑफ गीजा का दौरा करेंगे। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में संभावित साझेदारी पर चर्चा होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री के इस दौरे को भारत के लिए पर्यटन कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जर्मनी और यूरोप भारत के प्रमुख पर्यटक स्रोत बाजारों में शामिल हैं। ऐसे में, इस मंच पर भारत की भागीदारी न केवल विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने, बल्कि निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को भी नई दिशा दे सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को होगा एथलेटिक्स लीग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया और माय भारत के संयुक्त समन्वय से 8 मार्च को गौरी देवी महाविद्यालय अलवर में एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा।

### वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने किया सामान्य चिकित्सालय में एफएनएसी केंद्र का उद्घाटन

# 'बेहतर इलाज के साथ मरीजों की सुविधाओं में होगा विस्तार'

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में फाइन निडल एस्पाइरेशन साइटोलॉजी (एफएनएसी) केंद्र का उद्घाटन कर कैंसर एवं अन्य रोगों की जांच सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिला अस्पताल में इस आधुनिक तकनीक के आने से अलवर की गरीब और मध्यम वर्गीय जनता को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को अब अस्पताल में ही कैंसर और गांठों की जांच की सुविधा मिलेगी तथा जांच के लिए निजी सेंटरों पर हजारों रुपए खर्च नहीं करने पड़ेंगे। जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से अलवर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरन्तर काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा अपने तीनों बजटों में जिले की चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार करते हुए सभी क्षेत्रों के लिए विशेष सौगातें दी है। इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री ने अपने दैनिक पौधारोपण के संकल्प के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि एफएनएसी कैंसर व अन्य रोगों की जांच के लिए सरल एवं सुरक्षित व महत्वपूर्ण जांच विधि है। इसमें बहुत ही पतली सुई की मदद से गांठ से कोशिकाएं निकाली जाती है तथा इसमें चीरा नहीं लगाया जाता है, इसलिए टांके की आवश्यकता भी नहीं होती है और न ही मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता पडेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. इन्दु सूद ने बताया कि अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को सभी उच्च स्तरीय डायग्नोस्टिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है और एफएनएसी केंद्र की स्थापना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

**जनता के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह सुविधा**

पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष मीणा ने बताया कि एफएनएसीएक अत्यंत सरल और प्रभावी जांच पद्घति है। इसके माध्यम से शरीर के किसी भी हिस्से में होने वाली गांठ (जैसे स्तन, गले की गांठ, थायराइड या लिम्फ नोड) की जांच केवल एक बारीक सुई द्वारा की जाती है।

**मरीजों को होने वाले प्रमुख लाभ**

यह तकनीक शरीर में पनप रहे कैंसर का शुरुआती दौर में ही सटीक पता लगाने में सक्षम है, जिससे समय पर इलाज संभव हो सकेगा, इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की चीर-फाड़ या सर्जरी की जरूरत नहीं होती और मरीज को अस्पताल में भर्ती भी नहीं होना पड़ता, स्थानीय स्तर पर जांच होने से मरीजों को रिपोर्ट के लिए अब जयपुर या दिल्ली के चक्कर नहीं काटने होंगे। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नील शर्मा, डॉ. सुमन मीणा, डॉ. शिल्पा छाबड़ा, डॉ. रेनू राठौड़ सहित प्रबुद्घ व्यक्ति एवं चिकित्सालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

## जोधपुर में कलमकारों की पुष्प होली में थिरके मंत्री, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों ने भी निभाई भागीदारी

बढ़ता राजस्थान




**जोधपुर (रंजन दवे)।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर जोधपुर प्रेस क्लब की ओर से सोमवार को होटल चंद्रा इन में 'कलमकारों की पुष्प होली' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों ने पत्रकारों के साथ पुष्प होली खेलकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में होरी गीतों और चंग की थाप पर माहौल रंगीन हो उठा। दीपक व्यास बटुकड़ी, नीलम सिंह, भावना डागा एवं प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना सुआ देवी की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। पत्रकार आशीष पुरोहित और अभिषेक पुरोहित ने शास्त्रीय गैर गायकी से सभी का मन मोह लिया। पूर्व जस्टिस जी.के. व्यास ने भी होरियां गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, वहीं जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल भी होली गीतों पर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोबाइल पर सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि रंगों का यह त्योहार सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरता रहे, सभी स्वस्थ और मस्त रहें। प्रेस क्लब की ओर से भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, सांसद पी.पी. चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, पूर्व राज्यमंत्री डॉ. महेन्द्र राठौड़, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, पूर्व महापौर कुंती परिहार, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार वर्मा, भाजपा नेता प्रसन्नचंद मेहता, जगत नारायण जोशी, पूर्व जस्टिस जी.के. व्यास, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर शरत कविराज सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। इसके अलावा पूर्व आईएएस रतन लाहोटी, शिक्षाविद् निर्मल गहलोत, धर्मप्रेमी सुधीर अग्रवाल, यूथ आइकॉन आदर्श शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता हस्तीमल सारस्वत एवं रतनाराम थोलिया, गुरुदेव डॉ. अरविंद मालवीय, नंदकिशोर शाह, उड़ान फाउंडेशन अध्यक्ष वरुण धनाडिया, उद्यमी विनोद सिंघवी, डॉ. नगेंद्र शर्मा, डॉ. प्रीतम सिंह, थानाधिकारी सरदारपुरा जय किशन सोनी, एयरपोर्ट अधिकारी रामाकृष्ण टाडा, विवेक विहार दिलीप खदाव, अजीत पुरोहित, नरेन्द्र शर्मा, निफ्ट पीआरओ डॉ. मनीष शुक्ला, एमआईए अध्यक्ष राकेश बंसल, उमेश लीला, रीपेश अग्रवाल, भाजपा के मनीष पुरोहित व पवन वैष्णव, युवा उद्यमी ई. नरेश पुरोहित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान एवं आमेर दुर्ग का किया भौगोलिक भ्रमण

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा एक दिवसीय भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण प्राचार्य डॉ के.एल. मीना के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. जगफूल मीना के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। इससे उनकी शैक्षणिक समझ को और अधिक गहन बनाया जा सके। भू-विविधता के अलावा, यह क्षेत्र विविध वनस्पतियों और जीवों के घर के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र के शुष्क, पर्णपाती जंगलों में स्तनधारियों, उभयचरों, कीड़ों आदि की कई प्रजातियों देखी जा सकती हैं। साल, पलाश, कुसुम, मोहुआ, केंद, विभिन्न बांस आदि वनस्पति आमतौर पर देखे जाते हैं। अतः यहां की प्रकृति बहुत ही मनोहारी है, यहां के वन के वृक्ष, पशु-पक्षी, वनस्पतियां इत्यादि के दृष्टिकोण से भौगोलिक अध्ययन के लिए यह अतिमहत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस भौगोलिक भ्रमण से विद्यार्थियों की अवलोकन क्षमता में वृद्धि हुई तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हुई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस भ्रमण को शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ की भूगोल परिषद के तत्वाधान में भूगोल विभाग का शैक्षिक भ्रमण नाहरगढ़ जैविक उद्यान एवं आगेर दुर्ग ले जाया गया। भ्रमण के लिए बस को प्राचार्य के. एल. मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। विद्यार्थियों ने जैविक उद्यान में विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं का अवलोकन किया साथ ही कौन जानवर किस प्रकार की जलवायु एवं भौगोलिक दशाओं में रहता है इसकी विस्तृत जानकारी परिषद की प्रभारी प्रोफेसर चित्रा मीना ने प्रदान की। आचार्य डॉ ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि यह जैविक उद्यान अरावली पर्वतमाला में स्थित है और यहां का प्रमुख वृक्ष धोकड़ा है साथ ही सालार गुर्जन बेर बांस सेमल तेंदु खेजडी, रोहिडा और बबूल आदि जो कि यहां बहुतायत में पाए जाते हैं उनकी भौगोलिक जानकारी प्रदान की। डॉ चिरंजी लाल रैगर ने विद्यार्थियों को आमेर दुर्ग एवं जयगढ़ दुर्ग की ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की साथ ही वास्तु शिल्प की जानकारी दी।

## जोधपुर : परीक्षा देकर दोस्तों के साथ होली खेलने गया छात्र पदमसागर में डूबा

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** खुशियों और रंगों का त्योहार उस वक्त गमगीन हो गया जब जोधपुर के ऐतिहासिक पदमसागर तालाब में नहाने उतरा एक 17 वर्षीय छात्र गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही भीतरी शहर में हडक़ंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, पावटा पोलो निवासी सागर वैष्णव आज दोपहर 12वीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौटा था। परीक्षा खत्म होने की खुशी और होली के उत्साह में वह अपने दोस्तों के साथ रंग खेलने निकला था। दोपहर बाद सभी दोस्त नहाने के लिए पदमसागर तालाब पहुँचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सागर अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने उतरा था। तैरना अच्छी तरह न आने के कारण वह अनजाने में गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया और शोर मचाया, लेकिन देखते ही देखते सागर पानी की गहराइयों में ओझल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही खांडा फलसा पुलिस टीम मौके पर पहुँची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसीपी पूर्व मंगलेश चुंडावत और थाना अधिकारी सुरेश पोटलिया ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने तुरंत प्रसिद्ध मालवीय बंधुओं (गोताखोरों) को सूचित किया। गोताखोरों की टीम पिछले 4 घंटों से तालाब में छात्र की तलाश में जुटी हुई है, जिसके बाद शव को बाहर निकाला जा सका।

## वन राज्यमंत्री ने शहरवासियों के साथ खेली हर्बल गुलाल से होली

### दिव्यांगजनों को मिठाई खिलाकर दी होली की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**अलवर(का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने बुधवार को अपने निवास स्थान 201 बृजविला रघुमार्ग अलवर में आयोजित नमो होली उत्सव में शहरवासियों के साथ हर्बल गुलाल लगाकर होली खेली। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। इससे आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने बताया कि उत्सव में वन विभाग द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल से होली का त्योहार मनाया गया है। उन्होंने विभिन्न स्थानों से आए दिव्यांगजनों के साथ होली खेली तथा मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। इस दौरान पदम्श्री पुरस्कार से सम्मानित श्री गफरूद्दीन मेवाती ने होली के गीतों पर भपंग का वादन कर सभी को मंत्रमुग्ध किया।

# वैदिक रीति रिवाज के साथ हुआ होलिका का दहन धुलंडी पर एक-दूसरे को रंग लगाकर दी बधाई

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार देर रात धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपखंड क्षेत्र के ढिग़ावड़ा, सकट, राजपुर बड़ा, गोला का बास, टहला सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद मंत्रोच्चारण के साथ होलिका दहन किया गया। सोमवार रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन कराया। पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने नई फसल की गेहूं की बालियां अग्नि में सेककर अच्छी पैदावार की मंगलकामना की। बुराई पर अच्छाई की जीत की प्रतीक होलिका दहन पर भक्ति व उल्लास के रंग नजर आए। महिलाओं ने पारंपरिक रूप से होलिका को अर्क अर्पित कर परिवार की खुशहाली और स्वास्थ्य की प्रार्थना की। शहर के प्रमुख स्थानों सहित गलियों में में सजी होलिका के पास देर रात श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विभिन्न जगहों पर गोबर से बनी बिलुकड़ी की मालाओं से सजी होलिका न केवल धार्मिक महत्व दर्शा रही थी, बल्कि सामुहिक सहभागिता का संदेश भी दे रही थी। होलिका दहन के अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

**धुलंडी पर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर दी बधाई, मंदिरों में उमड़ी भीड़**

मंगलवार व बुधवार को दो दिन धुलंडी होने के कारण लोगों ने दो दिन रंग-बिरंगी गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। कस्बे के गोविन्द देव जी मंदिर में बुधवार को सुबह सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भगवान राधा गोविंद के साथ होली खेली। इस दौरान भजनों पर नाचते रहे। वहीं कस्बे सहित आसपास के इलाकों में शांति पूर्वक धुलंडी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी।

## शहर में होली शांति और सौहार्द के साथ मनाई



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शहर में होली का त्यौहार धूम धाम से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग रंग गुलाल साथ में लेकर एक दूसरे के गुलाल और रंग लगा गले मिलकर होली की शुभ कामनाएं देते नजर आए। शहर के गली मोहल्ले में डीजे लगा कर युवकों की मंडलिया एक दूसरे पर रंग गुलाल फेंकते हुए गानों की धुन पर नाच रहे थे। शहर के गांधी पूरा में स्थित गोपाल जी के मंदिर पर फूलों से होली खेली गई। इस दौरान मंदिर में भगवान गोपाल जी की शानदार झांकी सजाई गई थी और गोपाल जी के साथ सभी लोग फूलों से होली खेलते हुए भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए आनंदित हो रहे थे। सबसे खास बात यह रही कि कहीं पर भी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता लगातार गश्त करता रहा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर भी व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

## 5, 12 व 19 मार्च को होगी जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई, त्वरित समाधान एवं नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर क्रमशः 5, 12 व 19 मार्च को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 5 मार्च को समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय या ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर आयोजित की जाएगी। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 12 मार्च को पंचायत समिति या उपखण्ड अधिकारी द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

## शहरी जनसम्पर्क कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान किए जाने के लिए जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया द्वारा शहरी जनसम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों में हो रही समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए 5 मार्च, गुरुवार सायं 6 बजे सुभाष नगर सामुदायिक भवन में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसनुवाई में आमजन के परिवादों का नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

## होली खेलते दोस्तों का वीडियो बनाते युवक को लगा करंटःमौत; ट्रांसफार्मर के तारों पर हाथ हुआ था टच ;बीएसटीसी का स्टूडेंट था

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में बुधवार को होली खेलते बीएसटीसी स्टूडेंट की करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ होली खेलने गया था। उनका वीडियो बनाते हुए पास में ही लगे ट्रांसफार्मर से उसका हाथ टच हो गया और करंट लग गया। दोस्त हॉस्पिटल लेकर गए लेकिन मौत हो गई। मामला कुन्हाड़ी थाना



इलाके का है। स्टूडेंट धीरज मीणा (21) गोविंदपुर बावड़ी (बूंदी) का रहने वाला था। जयपुर में रहकर बीएसटीसी की पढ़ाई कर रहा था। चाचा इंद्रराज मीणा ने बताया कि भतीजा दो-तीन दिन पहले ही होली की छुट्टी पर जयपुर से घर लौटा था। सुबह साढ़े 9 बजे करीब अपने तीन-चार दोस्तों के साथ होली खेलने गांव गोविंदपुर बावड़ी से कोटा शहर के लैंडमार्क सिटी इलाके में गया था। ये हॉस्टल एरिया है और भतीजे के कई दोस्त यहां पर रहते है। स्टूडेंट्स ने व्यास रेजिडेंसी व आरके रेजिडेंसी के पास सडक़ पर डीजे साउंड लगा रखा था। स्टूडेंट्स डांस कर रहे थे। भतीजा अपने दोस्तों का मोबाइल से वीडियो बना रहा था। उसी समय हॉस्टल के पास लगे ट्रांसफार्मर के केबल से उसका हाथ टच हो गया। करंट लगते ही वो जमीन पर गिर गया। उसके दोस्त धीरज को हॉस्पिटल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। चाचा ने बिजली कंपनी और हॉस्टल संचालकों पर लगाया आरोप चाचा ने बताया कि लैंडमार्क एरिया में दो हॉस्टल के बीच 4 फीट की हाइट पर ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसके तार निकल रहे है। वीडियो बनाते समय धीरज का बायां हाथ तार के टच हो गया। उसे करंट लग गया। ये के ई डी एल व हॉस्टल संचालकों की लापरवाही है। ट्रांसफार्मर को खुले में रखा हुआ है। उसे कवर नहीं किया हुआ है। घटना के वक्त वहां बहुत सारे युवक थे। बड़ा हादसा हो सकता था। धीरज के पिता की पहले ही मौत हो चुकी। मां दिव्यांग है। छोटा भाई भी बीमार रहता है। कुन्हाड़ी थाना एसएचओ कौशल्या ने बताया कि करंट कैसे लगा इस बारे में बिजली कंपनी के ई डी एल के अधिकारियों को बुलाकर जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। सेफ्टी के लिहाज से हॉस्टल के बाहर लगे ट्रांसफार्मर को लेकर निगम केडीए और बिजली कंपनी के ई डी एल के अधिकारियों को बुलाकर बात की जाएगी।

## होलिका दहन के साथ यूजीसी के 'काले कानून' का प्रतीकात्मक दहन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** समता आंदोलन समिति के धरने में लिए गए निर्णय के अनुरूप होली दहन के अवसर पर समता आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी के कथित 'काले कानून' का प्रतीकात्मक दहन कैथूनीपोल



पिप्लेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण कर विरोध दर्ज कराया। गाजे-बाजे और नारों के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। समता आंदोलन के संभागीय अध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा, महामंत्री कमल सिंह, संयोजक राजेंद्र गौतम एवं जिला महामंत्री रासबिहारी पारीक ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यूजीसी के प्रस्तावित प्रावधानों से कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## हरिनाम की गूंज से आलोकित हुआ शोभायात्रा मार्ग

# भक्ति, संकीर्तन और अन्नकूट के साथ संपन्न हुआ षष्ठ दिवसीय चैतन्य महाप्रभु आविर्भाव महामहोत्सव

### श्रीहरि संकीर्तन कलियुग का युगधर्म- श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** गणेश नगर स्थित श्री गौर राधागोविंद मंदिर (धरणीधर चौराहा) पर श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु के शुभ 540 वां आविर्भाव दिवस पर आयोजित षष्ठ दिवसीय प्राकट्य महामहोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। 27 फरवरी से 4 मार्च 2026 तक चले इस आयोजन के दौरान संपूर्ण क्षेत्र श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन की गूंज से भक्तिमय बना रहा। यह आयोजन गौड़ीय परंपरा के संत नित्य लीला प्रविष्टि ओम् विष्णुपाद श्री चक्रधर प्रसाद 'भक्ति शास्त्री' जी महाराज के कृपा आशीर्वाद से तथा वर्तमान आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी रवि कुमार झंवर ने बताया कि आविर्भाव दिवस पर बुधवार प्रातः 6 बजे मंगल आरती के पश्चात हरिनाम संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली गई। श्रद्धालु भक्तों ने मृदंग, करताल एवं विविध वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ श्रीहरिनाम का गुणगान किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में भजन-संकीर्तन, बधाई गायन तथा धर्म प्रवचन के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

ललित नारायण प्रभु के अनुसार, 3 मार्च को सायंकाल दण्डवीर हनुमान मंदिर, महावीर नगर से एक भव्य नगर शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। शोभायात्रा में श्री ठाकुरजी की सुसज्जित झांकी, गुरु परंपरा की आकर्षक झांकियां, ध्वज-पताकाएं एवं बैंड-बाजों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। संकीर्तन करते हुए भक्तगण नृत्य में आत्मविभोर दिखाई दिए।श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज शोभायात्रा में भक्तो को आशीर्वाद देते हुए चले। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आरती उतारी गई तथा चंदन, पुष्पमाला एवं प्रसाद से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

नारायणदास प्रभु ने बताया कि 4 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर मध्यान्ह 2.30 बजे श्री ठाकुरजी की भोग आरती संपन्न हुई। भगवान को छप्पन व्यंजनों का अन्नकूट भोग अर्पित किया गया। तत्पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में मध्यप्रदेश के भोपाल, जबलपुर, इंदौर, सागर, दमोह, विदिशा सहित विभिन्न नगरों तथा राजस्थान के भरतपुर, बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा, वृंदावन, दिल्ली और देहरादून से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज ने सत्संग में युगधर्म श्रीहरि संकीर्तन की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मानव जीवन की सार्थकता भगवद भजन, सेवा और सत्संग में निहित है। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आचार्य श्री का सम्मान किया गया तथा बाहर से पधारे संतों एवं भक्तों का अभिनंदन किया गया।

## जिला पार्षद के कार्यालय पर बरसा होली का रंग




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली मार्ग पर भाजपा के युवा नेता जिला पार्षद प्रतिनिधि के कार्यालय पर होली के रंगों की बौछार हुई।विधानसभा क्षेत्र से पहुँचे भाजपा कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों ने रंगों के पावन त्यौहार पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उल्लेखनीय है कि युवा भाजपा नेता व जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव धार्मिक प्रवृति से ओतप्रोत सज्जन इंसान हैं। इनकी कार्यशैली और व्यवहार के लोग इतने कायल हैं कि इनके एक बुलावे पर सैकड़ों लोग यथाशीघ्र उपस्थित हो जाते हैं। मनोज यादव के एक आह्वान पर सैकड़ों की संख्या में पहुँचे लोगों ने एक दूसरे पर रंग बरसाए और एक दूजे को गले लगाए। इस मौके पर यादव ने सबका आभार जताते हुए कृतज्ञता प्रकट की।

## शराब ठेके के पास युवक पर हुआ धारदार हथियार से पैर पर हमला,युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सुल्तानपुर (मुकेश गोस्वामी)।** सुल्तानपुर क्षेत्र के बुढादीत पुलिस थाना से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित शराब ठेके के पास होली के अवसर पर एक दर्दनाक घटना सामने आई। बुढादीत निवासी राकेश ऐरवाल पर अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके पैर पर कई बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद खून से लथपथ अवस्था में राकेश करीब 250 से 300 मीटर तक मुख्य सडक़ की ओर घिसटता हुआ पहुंचा। सडक़ किनारे उसके पड़े होने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिसकर्मी उसे तुरंत



सुल्तानपुर सीएचसी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। जिस स्थान पर यह वारदात हुई, वहां मौजूद लोगों या ठेका कर्मचारियों द्वारा न तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और न ही 108 एंबुलेंस सेवा या 100 नंबर पर कॉल किया गया। परिजनों का आरोप है कि यदि समय पर सूचना देकर घायल को अस्पताल पहुंचाया जाता, तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद से परिवार में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में बुढादीत थाने के एसआई नंदलाल सैनी ने बताया कि पुलिस अधिकारी और मृतक के परिजन पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए सुल्तानपुर अस्पताल गए हुए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

## चूरू पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, महिला की हत्या का आरोपी हंसराज गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चूरू पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए करीब तीन महीने से फरार चल रहे हत्या के आरोपी हंसराज मेघवाल पुत्र भोला राम (31) निवासी परसनेउ थाना राजलदेसर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर शव को पत्थरों से भरे कट्टे में डालकर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में राजलदेसर थाना पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और जमीनी सूचनाओं के आधार पर इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। उपमहानिरीक्षक पुलिस- सह पुलिस अधीक्षक यादव ने बताया कि 5 दिसंबर को हरासर निवासी गौतम ने राजलदेसर थाने में शिकायत दर्ज कराई। गौतम ने बताया कि उसकी माता बिरजू देवी का परसनेऊ निवासी हंसराज के साथ प्रेम संबंध था। हंसराज बिरजू देवी को भगा ले जाने की धमकी दे रहा था। 7 नवंबर 2025 को बिरजू देवी घर से निकलीं और लापता हो गईं। परिजनों ने 11 नवंबर को गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस की तलाश के बीच 4 दिसंबर 2025 को परसनेऊ की रोही में नेशनल हाईवे के पास एक पानी के कुण्ड में संदिग्ध कट्टा मिला। जब इसे बाहर निकाला गया, तो उसमें पत्थरों के साथ एक महिला का शव बंधा हुआ था। सोशल मीडिया और पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से शव की पहचान बिरजू देवी के रूप में हुई। इसके बाद राजलदेसर थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## महावीर नगर प्रथम जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान संपन्न

### विश्व शांति महायज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** महावीर नगर प्रथम स्थित सफेद जैन मंदिर में परम पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न श्री विशुद्धमति माताजी एवं उनकी सुयोग्य शिष्या पट्ट गणिनी आर्यिका श्री विज्ञमति माताजी के पावन सान्निध्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। अध्यक्ष गुलाबचंद लुहाडिया ने बताया कि विधान के अंतर्गत शांतिधारा के पश्चात नित्य नियम पूजन, प्रवचन, हवन एवं विश्व शांति महायज्ञ का विधिवत आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर आत्मकल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। कार्याध्यक्ष जीवनधर सोगानी के अनुसार आयोजित शोभायात्रा में श्रीजी को सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने रथ को अपने हाथों से खींचकर पुण्यार्जन किया। शोभायात्रा में आर्यिका संघ का सान्निध्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंत्री मिलापचंद अजमेरा ने बताया कि शोभायात्रा में बग्गियों में विराजमान आठ दिवसीय उपवासधारी श्रद्धालु तथा इंद्र-इंद्राणी स्वरूपों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। पूर्व अध्यक्ष इंद्रमल गोधा ने जानकारी दी कि माताजी का पाद प्रक्षालन सकल दिगंबर जैन समाज के कार्याध्यक्ष मनोज जैसवाल एवं मुकेश लुहाडिया द्वारा किया गया।

कार्याध्यक्ष निर्मल लुहाडिया ने बताया कि श्रीजी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य सुरेश पहाडिया एवं शैलेश गोधा को प्राप्त हुआ, जबकि अजय रापडिया एवं अनिल सौरभ रावत ने शांतिधारा संपन्न कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आकाश भैया एवं अक्षत भैया के निर्देशन में हुआ।

### कोटा ब्रांच की वर्ष 2026-27 कार्यकारिणी घोषित

## कोटा सीए ब्रांच के अतिशय जैन चेयरमैन व सीए सुधांशु उपाध्याय सचिव बने

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की कोटा ब्रांच, सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के अंतर्गत आयोजित बैठक में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारणी का गठन किया गया, जिसमें सीए अतिशय जैन को चेयरमैन चुना गया। इसके बाद सर्वसम्मति से प्रबंध समिति का गठन किया गया, जिसमें चेयरमैन सीए अतिशय जैन के साथ वाइस चेयरमैन सीए अंकित गुप्ता, सचिव सीए सुधांशु उपाध्याय, ट्रेजरर सीए सचिन मंगल, सीकासा चेयरमैन सीए ख्याति भंडारी, सीपीई चेयरमैन सीए दीपक सिंघल एवं मैनेजिंग कमेटी मेंबर सीए गोविंद डूडी को बनाया गया। कोटा ब्रांच का कार्यक्षेत्र चार जिलों कोटा, बारां, बूंदी एवं झालावाड़ तक विस्तृत है। ब्रांच से लगभग 1800 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्य तथा लगभग 3000 विद्यार्थी जुड़े हुए हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन चारों जिलों के सदस्यों के लिए नियमित एवं उच्च स्तरीय टेक्निकल सेशन्स, सीपीई प्रोग्राम्स, सेमिनार, रिफ्रेशर कोर्स एवं प्रोफेशनल अपडेट कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सदस्यों के सशक्तिकरण, नेटवर्किंग, प्रैक्टिस डेवलपमेंट, नेतृत्व विकास एवं नवीन कराधान, ऑडिट, कॉर्पोरेट एवं नियामकीय विषयों पर विशेष सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शाखा द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चारों जिलों के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रहे और सभी तक गुणवत्तापूर्ण प्रोफेशनल ज्ञान पहुँचे। सीए विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस सेशन, परीक्षा उन्मुख कार्यशालाएं, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, इंडस्ट्रियल विजिट्स, खेल एवं सांस्कृतिक फेस्ट तथा अकादमिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को वर्षभर आयोजित करने की रूपरेखा भी तय की गई, जिससे लगभग 3000 विद्यार्थियों को समग्र विकास का अवसर मिल सके। नवनियुक्त चेयरमैन सीए अतिशय जैन ने कहा कि कोटा ब्रांच को आगामी वर्षों में प्रोफेशनल उत्कृष्टता का मॉडल बनाना प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने बताया कि नियमित एवं सुव्यवस्थित सेमिनार, बड़े स्तर की कॉन्फ्रेंस, प्रोफेशनल फेस्ट तथा विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाखा की प्रत्येक गतिविधि समयबद्ध, परिणामोन्मुखी एवं सदस्य-केंद्रित होगी। उन्होंने सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कमेटी के चयन के पश्चात वरिष्ठ सदस्यों द्वारा नवगठित टीम का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीए विष्णु गर्ग, सीए अभिनव जैन, सीए आशीष व्यास, सीए दिनेश जैन, सीए सौरभ जैन, सीए शशांक गर्ग, सीए प्रकाश चौधरी व सीए डी.सी. मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने नई टीम को शुभकामनाएँ दीं।

## विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की जिला स्तरीय समिति की बैठक 9 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा निवेश एवं औद्योगिक गतिविधियों को सुगम बनाने के उद्देश्य से गठित विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र (डीआईएसएम) अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता सोमवार 9 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र सीएम गुप्ता ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों, निवेश प्रस्तावों एवं औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। उन्होंनग बताया कि संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में तैयार कर 6 मार्च तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि बैठक में प्रभावी समीक्षा की जा सके। बैठक में नगर निगम, विकास प्राधिकरण, विद्युत वितरण निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## पंचायत चुनाव से पहले भाजपा की नई प्रदेश कार्यसमिति, बयाना रूपवास विधानसभा के दो नेताओं को अहम जिम्मेदारी



बढ़ता राजस्थान

बयाना (अमन झालानी)। आगामी पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश कार्यसमिति का नया गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा घोषित इस नई कार्यसमिति में भरतपुर जिले से दो नेताओं को स्थान दिया गया है, जो दोनों ही बयाना विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हैं। इससे स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं और संगठन के भीतर नए समीकरण बनने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। बयाना के आदर्श नगर निवासी धर्मसिंह चौधरी और रूपवास के भानु प्रताप सिंह राजावत को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किए जाने को पार्टी का रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है। पंचायत चुनावों से पहले संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय और सशक्त बनाने की दृष्टि से यह नियुक्तियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। धर्मसिंह चौधरी लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े रहे हैं और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में उनकी पहचान रही है। वे पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं। उनके परिवार की भी संगठन में सक्रिय भूमिका रही है। उनकी पत्नी प्रवेश चौधरी बयाना नगर पालिका की अध्यक्ष रह चुकी हैं और वर्तमान में भाजपा की जिला उपाध्यक्ष हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चौधरी की संगठनात्मक पकड़ और स्थानीय स्तर पर मजबूत नेटवर्क पार्टी को चुनावी तैयारियों में लाभ पहुंचा सकता है। वहीं भानु प्रताप सिंह राजावत संगठन के अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं। वे भरतपुर भाजपा के जिला अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं से संवाद की क्षमता और क्षेत्रीय समीकरणों पर उनकी पकड़ को देखते हुए प्रदेश कार्यसमिति में उनकी नियुक्ति को दूरगामी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। नई जिम्मेदारियों की घोषणा के बाद बयाना और रूपवास क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय मंडल पदाधिकारियों और समर्थकों ने साफा पहनाकर और मालाएं पहनाकर दोनों नेताओं का स्वागत किया। कई स्थानों पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आगामी पंचायत चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ संगठन को सक्रिय और एकजुट रखने पर जोर दिया जा रहा है।

## होली के रंग देते है शांति, खुशी और प्रेम का संदेश -:अंजना सोनी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** स्वर्णकार समाज महिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह स्वास्थ्य मंदिर रंजीत नगर पर कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को गुलाल लगाकर की गई। अध्यक्ष अंजना सोनी ने बताया कि होली पर लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर आपसी मतभेदो को भूलकर प्यार से एक दूसरे को गले लगाते हैं। ये होली के रंग शांति,खुशी और प्रेम का संदेश देते हैं, कार्यक्रम में कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ गेम कराए गए। बच्चों ने एक से बढ़कर एक डांस की मनभावन प्रस्तुति दी। सचिव नीतू वर्मा ने बताया कि सभी बच्चों कोऔर स्वास्थ्य मंदिर स्टाफ को होली के पावन अवसर पर मिठाई और गुलाल वितरित किए गए।

# आस्था, सामाजिक समरसता और विकास के संकल्प के साथ मनाया गया होली का पावन पर्व

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने क्षेत्रवासियों के साथ साझा की खुशियाँ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/डीग ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा कर स्थानीय निवासियों के साथ होली का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

गृहराज्य मंत्री बेढ़म बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बड़ेसरा स्थित सुप्रसिद्ध श्री झूलन बिहारी जी मंदिर (झूल का धाम) पहुँचे, जो क्षेत्रवासियों की अटूट श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। यहाँ आयोजित होली मिलन समारोह में उन्होंने जनमानस के साथ अबीर-गुलाल खेलकर भाईचारे और सांस्कृतिक वैभव का उत्सव मनाया। मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के उपरांत उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि झूलन बिहारी जी का आशीर्वाद सदैव समस्त राजस्थान पर बना रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से हम विकास, सुरक्षा और समृद्धि के नवीन कीर्तिमान स्थापित करने में सफल होंगे। श्री बेढ़म ने सीकरी क्षेत्र के ग्राम निहाम में आयोजित होलिका दहन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भी शिरकत की। यहाँ उन्होंने उपस्थित जनसमूह के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक इस पावन पर्व की गरिमा को साझा किया। समारोह के पश्चात उन्होंने ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के सम्मानित वरिष्ठजनों से भेंट कर चौपाल संवाद किया। इस गंभीर चर्चा के दौरान उन्होंने क्षेत्र के आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी पहुँच और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों के सुझाव सुने। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता का अटूट स्नेह और विश्वास ही उनकी वास्तविक ऊर्जा का स्रोत है।

अपने आधिकारिक उद्बोधन में गृहराज्य मंत्री बेढ़म ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन और राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार





जन-आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतारने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से अपील की कि वे प्रगति की इस मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि आने वाली पीढ़ियां एक सुदृढ़ और समृद्ध वातावरण में आगे बढ़ सकें। श्री बेढ़म ने स्वयं को क्षेत्र का सेवक बताते हुए कहा कि बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रहे और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आगामी 7 मार्च को सीकरी क्षेत्र में आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह के लिए भी सभी को सादर आमंत्रित किया।

अंत में, गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने समस्त प्रदेशवासियों को होली के इस रंगोत्सव की हार्दिक मंगलकामनाएं देते हुए सुख, शांति और आपसी सौहार्द की अपील की।

# भाजपा की नई टीम में दिखी एकजुटता

## भजनलाल शर्मा, वसुंधरा राजे, मदन राठौड की तिगडी,पंचायत चुनाव में कमल खिलाने में सक्षम

### बोर्ड-आयोगों में भाजपा नेताओं की नियुक्ति अब 2 महीने बाद संवैधानिक-शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों पर नियुक्तियों का इंतजार

### पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी सरकार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से ही राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार किया जा रहा है। पहले उम्मीद की जा रही थी कि साल 2026 की शुरुआत में बोर्ड-आयोग में नियुक्तियां देखने को मिल सकती है।लेकिन वह समय भी अब निकल गया है। इन दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड एवं भाजपा की राष्ट्रीय एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया सरकार पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट गई है।

ऐसे में माना जा रहा है कि फिलहाल राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार ओर बढ़ गया है। पंचायत चुनाव के चलते अगले 2 महीने तक किसी तरह की नियुक्तियां नहीं हो पाएगी। लोकसभा चुनाव से पहले हुई थी नियुक्तियां दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सत्ता संभालते ही राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर अटकलें तेज हो गई थी। 7 फरवरी 2024 को बीजेपी नेता ओंकार सिंह लखावत को राजस्थान धरोहर प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया था। 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव के ऐलान से ठीक पहले भजनलाल सरकार ने 7 बड़ी राजनीतिक नियुक्तियां की थी।

नागौर से पूर्व बीजेपी सांसद सीआर चौधरी को राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष, जोधपुर से पूर्व बीजेपी सांसद जसवंत विश्नोई को जीव जंतु कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके अलावा ओमप्रकाश भडाना को देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजौर को राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति का अध्यक्ष,




प्रहलाद टाक को यादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष, राजेंद्र नायक को राजस्थान राज्य एससी वित्त निगम अध्यक्ष और रामगोपाल सुथार को विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था।

वहीं 2 अगस्त 2025 को भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके बाद से प्रदेश के नेता राजनीतिक नियुक्तियों की बाट जोह रहे हैं।

राजस्थान में करीब 104 बोर्ड-आयोग प्रदेश में 104 संवैधानिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक आयोग-बोर्ड-अथॉरिटी हैं। इनमें जन अभाव अभियोग निराकरण समिति, हाउसिंग बोर्ड, आरटीडीसी अध्यक्ष, बीस सूत्री कार्यक्रम उपाध्यक्ष, महिला आयोग अध्यक्ष समेत सदस्यों और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। राज्य में अब तक 9 बोर्ड-आयोगों में नियुक्तियां हो चुकी हैं।

कई वरिष्ठ नेता भी लाइन में राजनीतिक नियुक्तियों के इंतजार में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष सुमन शर्मा के नाम चर्चाओं में हैं।

साथ ही कांग्रेस से बीजेपी में आए नेताओ को भी कुछ बोर्ड-आयोग में एडजस्ट किया जा सकता है।

## पूर्व-सरपंच ने युवक की सीने में गोली मारकर हत्या की

### चुनाव में हार का बदला लेने के लिए मर्डर किया,12 दोषियों को उम्रकैद



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के पीपला का 10 साल पुराना केस। दो पक्षों के विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बस स्टैंड पर उस दोपहर घटे हत्याकांड का सच तुरंत सामने नहीं आया। शुरुआत में यह एक साधारण मारपीट का मामला लगा। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पुलिस को एहसास हुआ कि यह हिंसा अचानक भड़का गुस्सा नहीं थी, बल्कि लंबे समय से सुलग रही दुश्मनी इसकी वजह थी।

घटनास्थल से बरामद खोल, खून से सनी मिट्टी, टूटी चप्पलें और गवाहों की बिखरी हुई कहानियां, हर चीज किसी बड़े टकराव की तरफ इशारा कर रही थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने साफ किया कि गोली बेहद करीब से सीने में मारी गई थी।

जांच जब गहराई तक पहुंची तो पुलिस को समझ आया-हत्याकांड की कहानी सड़क पर नहीं, पंचायत की बैठकों और चुनावी मंचों पर लिखी जा चुकी थी। ट्रिगर बस उस स्क्रिप्ट का अंतिम शब्द था।

महीने भर पहले हुए पंचायत चुनाव ने पीपला गांव को दो हिस्सों में बांट दिया था। गांव की चौपाल पर हुई एक सार्वजनिक बैठक में तीखी बहस हुई थी।सार्वजनिक बैठक में पूर्व सरपंच सौदान सिंह और राकेश दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। राकेश के परिवार के सदस्य ने सौदान सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ा और जीता था। आरोप है कि उस बैठक में खुलेआम चुनौती दी गई थी। वही चुनौती धीरे-धीरे व्यक्तिगत दुश्मनी में बदल गई।

करीब एक दशक तक यह मामला अदालत में चला। गवाहों पर दबाव डालने की कोशिशों की भी चर्चा हुई। कुछ गवाह अपने बयान से मुकर गए, कुछ ने बयान बदल दिए। लेकिन कॉल रिकॉर्ड, फॉरेंसिक रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के शुरुआती बयान अभियोजन के पक्ष को मजबूत करते रहे। सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों की मौत हो गई, लेकिन अदालत ने रिकॉर्ड के आधार पर उन्हें भी दोषी माना।

जज ने लंबा फैसला पढ़ा। अदालत ने माना कि यह हमला पूर्व नियोजित था और गोली जान लेने की नीयत से चलाई गई। सुनवाई के दौरान भोजा, सौदान और राजू की मौत हो गई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें भी दोषी माना। बचे हुए 12 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। दूसरी ओर, मारपीट और हिंसक झड़प में शामिल 11 लोगों को सात-सात साल की सजा और 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# व्यापारिक एकता, सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर दिया बल

## भरतपुर चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं व्यापार मंडल नई मंडी के संयुक्त तत्वावधान होली मिलन समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं व्यापार मंडल नई मंडी के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक भजनों, ब्रज की पारंपरिक होली एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत स्नेह भोज एवं प्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर की सांसद संजना जाटव, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विजय बंसल भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, सीताराम गुप्ता, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, संस्थ के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, जय गोयल, राकेश बंसल, मनू अग्रवाल, रूपेश बंसल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेम्बर अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने की। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश अग्राल, महामंत्री राहुल बंसल, नमन गोयल एवं कोषाध्यक्ष किशोर खण्डेवाल सहित दोनों संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने व्यापारिक एकता, सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का साफा एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा आयोजकों ने उपस्थित सभी व्यापारियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन आपसी सहयोग, एकता और उत्साह का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



# विश्व हिंदू परिषद का सेवा कुंभ, समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा जयपुर प्रांत के सेवा विभाग द्वारा सेवा कुंभ के पावन अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर सिंधी कोलोनी बनीपार्क जयपुर में भव्य सम्मान व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भरतपुर स्थित संस्कारशालाओं के बच्चों एवं आचार्याओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को देशभक्ति व सांस्कृतिक चेतना से ओत प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संत आर्शीवचन से हुआ। इस अवसर पर निर्वांकरत्न, पलसाना से पधारे महंत मनोहर शरण शास्त्री ने अपने आर्शीवचन में सेवा को भारतीय संस्कृतिक का मूल तत्व बताते हुए कहा कि




सेवा ही सच्चा साधन है जो समाज को संगठित एवं सशक्त बनाता है। मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर शहर की सांसद मंजू शर्मा ने कहाकि विश्व हिंदू परिषद का सेवा विभाग समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय सह मंत्री एवं अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख आनंद हरबेला ने सेवा गतिविधियों की व्यापकता और भावी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। काय्रक्रम की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथियों में परमार्थम सचिव संजय खंडेलवाल, उद्योगपति नरेन्द्र जांगिड तथा क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय उपस्थित रहे। समारोह में सेवा प्रकल्पों से जुडे अनेक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया जिसमें भरतपुर आरबीएम के मेडीकल अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र सिंह भदौरिया का सेवा बस्तियें में चिकित्सा शिविर लगाने एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों में विशेष योगदान के लिए सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल, प्रांत उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक शोभा गुप्ता, प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम सहित समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। समारोह में बडी संख्या में समाजबंधु, मातृशक्ति एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भरतपुर स्थित संस्कारशालाओं की संयोजिका कुसुम रावत ने किया।

## जनसुनवाई शिविरों का आयोजन 5, 12 एवं 19 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण में 5 मार्च गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई एवं 12 मार्च द्वितीय गुरुवार को उपखण्ड स्तर पर अटल जनसेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 19 मार्च तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल सेवा केन्द्र पर आयोजित की जायेगी।

सहायक निदेशक लोकसेवाएं भारती भारद्वाज ने बताया कि जिला कलक्टर कमर चौधरी द्वारा 5 मार्च को बयाना उपखण्ड की ग्राम पंचायत समोगर एवं कारवारी में तथा 12 मार्च को उपखण्ड वैर एवं भुसावर में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, प्राप्त परिवेदनाओं का निर्धारित समय में निस्तारण करें तथा कार्यवाही प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करें। जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# मस्ती के हड़ूडा रंग में रंगा नैनवाँ , नायक-नायिका की निकाली बरात, युवाओ ने यादगार पल की ली सेल्फी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( नि.स. )।** नैनवां में वर्षो से चली आ रही लोकारंजुन की अनुठी परम्परा हड़ूडा एक बार फिर यादगार बन गई । मंगलवार को धुलण्डी खेलने बाद सांय को कस्बे का मुख्य बाजार लोक परंपरा 'हड़ूडा' के रंग में रंग गया । वर्षो से चली आ रही सांस्कृतिक परंपरा इस वर्ष भी पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ आयोजित की गई। शाम करीब 5 बजे झंडे की गली में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां देखते ही देखते बड़ी संख्या में कस्बेवासी, युवा, बुजुर्ग और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग एकत्रित हो गए।

## बिना तैयारी के होता है आयोजन

हर वर्ष होली महोत्सव के दौरान हड़ूडा को लेकर कोई तैयारी नहीं होती । सूर्यास्त होने से पूर्व मौके बाजार में हलचल तेज हो जाती है । कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग मुख्य बाजार में जमा हो जाते हैं । झंडे की गली से दोनों और दो पक्ष एक नायक और दूसरा नायिका का समर्थक हो जाता है । फिर शुरू होती है नायक और नायिका की अनोखी बारात । बारात में गाजे – बाजे के साथ गुज उठाती है जयकारों की आवाज । जिसमें लोग पारंपरिक वेशभूषा और हास्य–व्यंग्य से भरपूर अंदाज में शामिल बाराती अपनी मस्ती के साथ नायक नायिका का प्रतीक ध्वज लेकर शुरू होते हैं । महज करीब आधे घंटे में दोनों बराते झंडे की गली में आमने – सामने हो जाती है ।जहां का माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो जाता है । दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे को प्रताड़ित किया जाने के उद्देश्य से लोकगीतों व व्यंग्यपूर्ण कटाक्षों के माध्यम से एक–दूसरे पर हास्यपूर्ण टिप्पणियां कीं शुरू हुई जिससे पूरा माहौल ठहाकों और तालियों की गूंज से भर उठा। पुलिस के जवानों ने दोनों पक्षों के बीच दूरी बनाए रखी । लेकिन हास्य परिहास के माहौल में पुलिस अधिकारी और पुलिस जवान भी मौज मस्ती का लुफ्त उठाते हुए नजर आए । इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए मकान की छतों पर भी दर्शक मौजूद रहे । युवाओं में सेल्फी लेने का क्रेज देखने को मिला वही कई प्रबुद्धजनो ने आयोजन में फूहड़पन को लेकर दूरी बनाई गई है। हड़ूडा के इस आयोजन में सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी मुस्तैद रहीं। डीएसपी राजू लाल मीणा सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा ।

# सीएम भजनलाल शर्मा का 'अपनत्व' भाजपा पदाधिकारियों के लिए भेजी स्नेह से भरी अबीर गुलाल

## जिलाध्यक्ष मेवाड़ा बोले कार्यकताओं की सार संभाल से ही सत्ता और संगठन मजबूत



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** रंगों के त्योंहार होली के पावन पर्व पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जिले के भाजपा पदाधिकारियों के लिए उपहार स्वरूप भिजवाए गए अबीर गुलाल एवं शुभकामना संदेश का वितरण जिला कार्यालय पर आयोजित स्नेहमिलन समारोह में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अपने कर कमलों से किया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित उपहार को पाकर कार्यकर्ताओं में विश्व की सबसे बड़ी एवं लोकप्रिय पार्टी का सदस्य होने के गौरव की सुखद अनुभूति हुई। उन्होंने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने उपस्थित पदाधिकारियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सार संभाल भाजपा की सदैव प्राथमिकता रही है जिसके परिणाम स्वरूप आज सत्ता और संगठन दोनों मजबूत स्थिति में है।

# रबी विपणन सीजन 2026-27 में 10 मार्च से शुरू होगी गेहूं की एमएसपी खरीद

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजनांतर्गत रबी विपणन सीजन 2026-27 के लिए राज्य में गेहूं खरीद हेतु किसान पंजीकरण का कार्य 01 फरवरी 2026 से खाद्य विभाग के पोर्टल पर प्रारंभ कर दिया गया है। गेहूं खरीद कार्य 10 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

जिला रसद अधिकारी हितेश जोशी ने बताया कि किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से गेहूं की फसल पर 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से पंजीकृत किसानों से खरीद की जाएगी।

# शाही सवारी के बीच थम गई धड़कन

## जश्न-ए-गुलाल का रंग हुआ बेरंग, 'बादशाह' चंद्रप्रकाश अग्रवाल नहीं रहे

बढ़ता राजस्थान





**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर का ऐतिहासिक बादशाह मेला इस वर्ष एक ऐसी दर्दनाक घटना का साक्षी बना, जिसने खुशियों के उल्लास को पलभर में मातम में बदल दिया। शाही सवारी जब महादेव जी की छत्री पहुंची, तब 'आओ बादशाह आओ बादशाह' के जयघोष और उड़ते गुलाल से पूरा मेला सराबोर था। परंपरा का निर्वहन करते हुए बादशाह अपनी रियाया पर गुलाल की खर्ची लुटा रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

### अस्पताल में चला जीवन बचाने का संघर्ष -

'बादशाह' की भूमिका निभा रहे चंद्रप्रकाश अग्रवाल को तुरंत एम्बुलेंस से अमृतकौर राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें सीपीआर सहित हरसंभव उपचार दिया, लेकिन लगभग शाम 6.45 बजे आधिकारिक रूप से हृदयाघात के चलते उनके निधन की सूचना दी गई।

यह खबर सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई और कुछ ही पलों में खुशी से झूमता मेला ग़मज़दा सन्नाटे में बदल गया।

### थम गया डीजे, रुक गया गुलाल युद्ध

घटना के तुरंत बाद अजमेरी गेट के बाहर लगाए गए डीजे बंद कर दिए गए, एक चैनल का लाइव प्रसारण रोक दिया गया और मेलार्थियों ने हाथों में थामी गुलाल की थैलियां नीचे रख दीं। जिला कलेक्टर कार्यालय पर परंपरागत रूप से खेली जाने वाली गुलाल भी स्थगित कर दी गई। केवल औपचारिक रूप से फरमान सुनाकर मेले के समापन की घोषणा की गई।

### उल्लास से मातम तक का सफर

कुछ घंटे पहले ही पूरे उत्साह के साथ ट्रक पर विराजमान करवाए गए हमारे बादशाह आधे रास्ते में ही इस दुनिया को अलविदा कह गए। अपुष्ट खबरों के बीच हर कोई ईश्वर से 'आरोग्यम भव' की प्रार्थना कर रहा था, किंतु नियति को कुछ और ही मंजूर था इस हृदयविदारक घटना ने पूरे ब्यावर को स्तब्ध कर दिया। जश्न–ए–गुलाल की यह ग़मज़दा शाम शहर के इतिहास में हमेशा याद रखी जाएगी जब रंगों का उत्सव आँसुओं में बदल गया और शाही सवारी के बीच एक धड़कन हमेशा के लिए थम गई।

# महावीर जन्म कल्याणक की तैयारियों का विधिवत आगाज़

## संघ कार्यालय शुभारंभ पर गूंजे जयकारे, गणपति को अर्पित किया प्रथम निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** अहिंसा के अवतार जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारियां सकल जैन समाज द्वारा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ प्रारंभ कर दी गई हैं। महोत्सव संयोजक समाजसेवी विमल शाह के प्रभावी एवं कुशल नेतृत्व में इस वर्ष महोत्सव को विशेष उत्सव के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। एक माह पूर्व से ही विधिवत तैयारियां जोरों–शोरों से शुरू कर दी गई हैं, जिसमें समाज के सेवा–समर्पित सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष डोसी ने बताया कि बुधवार प्रात: 10.15 बजे पाली बाजार स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर में सकल जैन समाज के लब्ध प्रतिष्ठित श्रद्धालु एवं श्रावक सदस्यगण एकत्रित हुए। मुख्य मंदिर में विराजित मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान एवं महावीर सहित अन्य भगवानों को महोत्सव की पत्रिका अर्पित कर सामूहिक अर्जी लगाई गई और आयोजन की सफलता की मंगलकामना की गई इसके पश्चात समाजजन सूरजपोल गेट स्थित प्रसन्न गणपति मंदिर पहुंचे, जहां विधि–विधान से प्रथम निमंत्रण पत्रिका गणेश को अर्पित की गई। वरिष्ठ श्रावकों की उपस्थिति में पूर्ण श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव से महोत्सव की सफलता हेतु प्रार्थना की गई।

इसी क्रम में महावीर बाजार स्थित संघ कार्यालय का विधिवत शुभारंभ महोत्सव संयोजक विमल शाह ने समाज के वरिष्ठ श्रावकों के सानिध्य में नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ किया। इस अवसर पर उपस्थित संघ सदस्यों ने संपूर्ण महावीर बाजार को भगवान महावीर के जयकारों और 'जय जिनेंद्र' के उद्घोष से गुंजायमान कर दिया मीडिया प्रभारी आशीष डोसी ने आगे बताया कि कार्यालय शुभारंभ के पश्चात संयोजक विमल शाह के नेतृत्व में एक विशेष दल ने संघ सदस्यों के घर–घर एवं प्रतिष्ठानों पर जाकर महोत्सव कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित स्नेह भोज हेतु सहयोग राशि संग्रह का भी शुभारंभ किया गया सकल जैन संघ से जुड़े सदस्यों ने संघ प्रमुखों की पहल की सराहना करते हुए बढ़–चढ़कर सहयोग प्रदान किया। पूरे मार्ग में 'महावीर स्वामी की जय' एवं 'जय जिनेंद्र' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# भारतीय ज्ञान परंपरा से आधुनिक शिक्षा को जोड़ने की पहल

## वर्द्धमान कॉलेज में 14 मार्च को राष्ट्रीय सेमिनार, ब्रोशर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय में 14 मार्च 2026 को 'भारतीय ज्ञान प्रणाली (आई.के.एस.) आधुनिक शिक्षा प्रणाली एवं समाज में प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार का ब्रोशर समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा द्वारा विमोचित किया गया प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपराओं, बौद्ध दर्शन एवं उनके आधुनिक शिक्षा प्रणाली में समावेश की संभावनाओं पर गंभीर चिंतन करना है। यह आयोजन विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए ज्ञान–विस्तार का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. नीलम लोढ़ा ने जानकारी दी कि सेमिनार हाइब्रिड मोड में आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जुड़ सकेंगे। सेमिनार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रख्यात विद्वान अपने विचार साझा करेंगे मुख्य वक्ता के रूप में

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के डॉ. आशुतोष पारीक संबोधित करेंगे। रिसोर्स स्पीकर के रूप में सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के डॉ. धीरज पारीक, सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत कुमार तथा पीएमसीओई पीजी कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेन्द्र सिंह जाट अपने विचार प्रस्तुत करेंगे सेमिनार में पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आयोजन को लेकर महाविद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

# कपासन में स्थित प्राचीन शक्तिपीठ मूला माता मंदिर पर 19 मार्च को होगा भव्य चैत्र नवरात्रि मेले का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन शक्तिपीठ मूला माता के दरबार में दस दिवसीय मेले का 19 मार्च से प्रतिवर्ष की भांति विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य आयोजन होगा ।जिसके तहत उक्त दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के मंच पर प्रतिदिन आगंतुक श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक एवं परंपरागत राजस्थानी कार्यक्रमों का आयोजन तथा महाभंडारे के माध्यम से आगंतुक सैकड़ों भक्त मातारानी के प्रसाद से लाभान्वित होंगे।

श्री मूला माता मंदिर विकास समिति अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर आयोजित होने वाले मेले का 19 मार्च को महंत अनुजदास महाराज की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुभारंभ होगा।

यहां दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर भव्यतापूर्वक तैयारियां जारी है ।जिसके अंतर्गत 19– 20 मार्च को न्यू खजुरिया श्याम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विशाल भजन संध्या,21, 22 मार्च को बालूराम गाडरी द्वारा बगड़ावत,23 मार्च श्री करणी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या,24 मार्च न्यू खजुरिया श्याम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या,25 मार्च विशाल भजन संध्या,26–27 मार्च भजन संध्या तथा 28 मार्च को बगड़ावत मंचन सहित भव्य आतिशबाजी के साथ 51 फीट रावण के पुतले का दहन करने के साथ दस दिवसीय भव्य मेले का समापन होगा। इधर कपासन राजमार्ग स्थित पुरातात्विक महत्व के प्राचीन शक्तिपीठ मूला माता के दरबार में आयोजित दस दिवसीय भव्य चैत्र नवरात्रि मेले में आगंतुक मेलार्थियों एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले,चकरी एवं विभिन्न स्टालें लगेंगे ।जिसका मेलार्थियों द्वारा लुत्फ उठाया जायेगा ।यहां चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर राजमार्ग से मुला माता मंदिर तक मुला माता विकास समिति द्वारा आकर्षक विद्युत साज–सजावट एवं आवागमन मार्ग पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था की जा रही है ।जिससे आगंतुक मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

# न.पा. कपासन क्षैत्र संबंधी ऑनलाइन शिकायतों का प्रशासन ने किया त्वरित निस्तारण



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का बुधवार को प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर सत्यापन करते हुवे समाधान किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन के बाजारों एवं अन्य स्थलों पर जन समस्याओं से जुड़ी शिकायतें ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई ।जिसको लेकर बुधवार को तहसीलदार कपासन नासिर बेग मिर्जा एवं पटवारी दीपेश द्वारा नगर पालिका जमादार मुकेश कोदली एवं सहायक कर्मचारी सचिन सोनवाल के साथ शिकायत स्थलों पर पहुंचकर समस्याओं का सत्यापन किया गया ।साथ ही उक्त समस्याओं का समाधान किया गया ।इस प्रकार प्रशासन द्वारा नगर के कई स्थलों पर पहुंचकर उक्त जनसमस्याओं से जुड़ी ऑनलाइन शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया।

# 176 वर्षो की अनूठी परंपरा : कोड़ामार होली में झलका देवर-भाभी का स्नेह

## पाली बाजार में रंग, रस और रिश्तों की मधुर छेड़छाड़ का अद्भुत संगम

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर शहर में जीनगर समाज की प्रसिद्ध देवर–भाभी की कोड़ामार होली बुधवार को पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। करीब 176 वर्ष पुरानी इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पाली बाजार में एकत्रित हुए। धुलंडी के अगले दिन आयोजित होने वाली इस विशेष होली में देवर और भाभी के बीच प्रेम, सम्मान और हास्य का अद्भुत संगम देखने को मिला कार्यक्रम की शुरुआत ठाकुर जी की भव्य सवारी निकालकर की गई। इसके पश्चात 11 कड़ाव सजाए गए, जिनमें विभिन्न रंग तैयार किए गए। सबसे पहले ठाकुर जी को इन कड़ावों में स्नान कराया गया इसके बाद परंपरा अनुसार देवरों ने कड़ाव से भाभियों पर रंग डाला, वहीं भाभियों ने सूती कपड़े से बने कोड़ों से देवरों पर स्नेहपूर्ण वार किए। यह अनूठी रस्म देवर–भाभी के पावन प्रेम, सम्मान और अपनत्व का प्रतीक मानी जाती है।

### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति -

आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में हंसी–मजाक, उल्लास और पारंपरिक लोकगीतों की गूंज रही। इस अवसर पर एसडीएम ब्यावर दिव्यांश सिंह, तहसीलदार हनूत सिंह, विधायक शंकर सिंह रावत, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया सहित जीनगर समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे कोड़ामार होली ने एक बार फिर ब्यावर की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को जीवंत कर दिया।



# विहिप दुर्गावाहिनी द्वारा द केरल स्टोरी 2 दिखाई गई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी भीलवाड़ा महानगर द्वारा बहिनों को मंगलवार को चित्तौड़ रोड स्थित रिलाइंस आइनॉक्स मैं द केरल स्टोरी 2 फ़िल्म का स्पेशल शो दिखाया गया ।दुर्गा वाहिनी महानगर सह संयोजिका भारती आसवानी ने बताया कि भीलवाड़ा महानगर से लगभग 460 बहिनों ने इस फ़िल्म को देखा। मूवी दिखाने का मुख्य उद्देश्य धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे कथित मुद्दों को लेकर हिंदू बहिनों को जागरूक करना है। ।केरल स्टोरी 2 मूवी में पिछले एक साल मैं आई 15 घटना का उल्लेख किया गया है जिसमें परिवार ने आरोप लगाया है की हिंदू महिलाओं को इस्लामी तत्वों द्वारा दबाव और उत्पीड़न का शिकार बनाया गया जिसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली। यह फिल्म लव जिहाद पर आधारित है और दावा करते है कि केरल की हजारों महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित किया गया है और आईएसआईएस में भर्ती किया गया है ।यह मूल फिल्म केरल में गैर–मुस्लिम महिलाओं को छल–कपट भरे रिश्तों और विचारधारा के माध्यम से इस्लाम में परिवर्तित होने और इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए कथित रूप से मजबूर करने के बारे में बतायी गई है।

# मुख्यमंत्री निवास पर होली महोत्सव का उल्लास

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ मनायी होली, प्रदेशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं





बढ़ता राजस्थान

- किसी ने पहनाया साफा-दुपट्टा, किसी ने लगाया अबीर-गुलाल,
- शेखावाटी के चंग से लेकर ब्रज की होली का छाया सुरूर,
- कलाकारों ने एक छत के नीचे साकार की प्रदेशभर की संस्कृति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को आमजन के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्यमंत्री निवास पर हुए होली महोत्सव में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में आए लोगों ने फूलों और प्राकृतिक रंगों के साथ यह त्योहार मनाया। श्री शर्मा ने सपत्नीक आमजन को गुलाल लगाया और फूलों की वर्षा कर पूरी आत्मीयता के साथ सभी का अभिनन्दन किया। होली के पावन पर्व पर प्रदेशभर की संस्कृति एक छत के नीचे नजर आई, जब ब्रज से लेकर शेखावाटी तक की होली के विभिन्न रूप देखने को मिले। ब्रज से आए भारतीय कला संस्थान के कलाकारों एवं भजन मंडली ने गायन और नृत्य के साथ समां बांधा। वहीं, शेखावाटी के फतेहपुर की गो वत्स फाग मंडली के कलाकारों ने चंग के साथ धमाल मचाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी कलाकारों के बीच जाकर फाल्गुन के गीतों में साथ निभाया।

बच्चे हों, बूढ़े हों, महिला हों या जवान सभी में मुख्यमंत्री के साथ होली खेलने को लेकर अलग ही उत्साह नजर आया। किसी ने मुख्यमंत्री को गुलाल लगाने के साथ साफा और दुपट्टा पहनाया, तो किसी ने अपने हाथों से बनी पिचकारी एवं गुलाल गोटा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों के इस त्योहार पर सभी को कटुता भुलाकर खुशियों के साथ जीवन बिताने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्यसभा सांसद श्री मदन राठौड़, श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक श्री कुलदीप धनखड़, श्री गोपाल शर्मा सहित अन्य सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं जैसलमेर से धौलपुर और हनुमानगढ़ से बांसवाड़ा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान के युवक की ईरान के हमले में मौत : क्रूड ऑयल टैंकर पर गिरी थी मिसाइल, 3 दिन से शव ढूंढ रही एजेंसी



बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** अमेरिका-इजराइल और ईरान की वॉर में राजस्थान के एक युवक की मौत हो गई। नागौर जिले का रहने वाला युवक क्रूड ऑयल कंपनी के शिप पर जॉब करता था।

जानकारी के अनुसार 1 मार्च की सुबह ओमान के एक पोर्ट पर ईरान की मिसाइल उनके जहाज पर गिरी थी। हादसे में शिप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दलीप शिप के अगले हिस्से में पायलट आशीष कुमार के साथ थे। आशीष बिहार के रहने वाले थे, जिनका शव मिल गया है। वहीं, दलीप के बॉडी अभी नहीं मिली है।

### खासब पोर्ट पर खड़ा था शिप

हमले के समय जहाज खासब पोर्ट पर खड़ा था। कंपनी के अनुसार हमले के दौरान अधिकांश क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन कैप्टन आशीष समेत 2 अन्य लोग मिसिंग हो गए थे। हमले के तीन दिन बाद बुधवार सुबह कंपनी ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की। इनमें नागौर के खींवताना के रहने वाले दलीप भी शामिल हैं। ये शिप स्काईलाइट कंपनी का था। शिप कंपनी और सुरक्षा एजेंसीज तीन दिन से उनकी बॉडी ढूंढ रही हैं।

दलीप के भाई देवेंद्र सिंह ने बताया - दलीप सिंह पुत्र कानसिंह ने 22 जनवरी 2026 को मर्चेंट नेवी में ड्यूटी जॉइन की थी। वो ऑयल/केमिकल टैंकर में क्रू मेंबर थे।

## ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अभियान शुरू : फडणवीस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीय पर्यटकों और पेशेवरों की सहायता और उन्हें निकालने के लिए एक उच्च प्राथमिकता वाला अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधानसभा में यह जानकारी दी।

उन्होंने घोषणा की कि राज्य अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन को बचाव कार्यों की निगरानी और तत्काल राहत प्रदान करने का आधिकारिक दायित्व सौंपा गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि एक समर्पित सहायता प्रणाली, राजनयिक समन्वय और सामुदायिक लामबंदी की गई है।

उन्होंने कहा कि वास्तविक सहायता प्रदान करने के लिए एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन स्थापित की गई है। मंत्री गिरीश महाजन फंसे हुए लोगों से वीडियो कॉल के माध्यम से सीधे संपर्क में हैं और उनकी स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

राज्य सरकार विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावासों के साथ सहयोग कर रही है। नागरिकों को सुरक्षा उपायों के संबंध में मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी की गई हैं। खाड़ी देशों में स्थानीय 'मराठी मंडलों' और अन्य भारतीय सामुदायिक संगठनों को भोजन और आश्रय सहित जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान करने के लिए सक्रिय किया गया है।

## राजस्थान हाईकोर्ट को लगातार मिल रहीं धमकियां,पुलिस क्यों हुई फेल

### तीन महीने में 11 बार मेल आया, जयपुर और जोधपुर बेंच में घंटों सुनवाई रुकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर और जोधपुर बेंच को अक्टूबर 2025 से अब तक 11 बार बम की धमकियां मिल चुकी हैं। इन धमकियों के कारण 14 घंटे का काम प्रभावित हुआ। इससे भी ज्यादा चिंताजनक पहलू ये है कि राजस्थान पुलिस की एजेंसीज यानी एटीएस, आईबी, साइबर और इंटेलीजेंस कई बार कोशिशों के बावजूद धमकी देने वालों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। किसी भी एजेंसी के हाथ कोई सुराग नहीं लगा। एक्सपर्ट से बात कर समझने की कोशिश की कि एजेंसियां क्यों नाकाम हो रही हैं और क्या विकल्प हैं, जिनके जरिए धमकी देने वालों तक पहुंचा जा सकता है।

**वीपीएन के कारण धमकी वाले ईमेल का आईपी एड्रेस नहीं मिलता**-साइबर एक्सपर्ट मुकेश चौधरी ने बताया कि जब भी धमकी भरा ईमेल आता है तो पुलिस जांच के लिए सर्वर प्रोवाइड करने वाली कंपनी से आईपी एड्रेस के बारे में जानकारी मांगती है।

जब सर्वर कंपनी खुद के सिस्टम में जांच करती है तो ई-मेल का आईपी एड्रेस सर्च नहीं हो पाता। इससे पता चलता है कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क से धमकी वाला ई-मेल भेजा गया है।

इसके बाद पुलिस संबंधित थाने में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज करती है। वहीं एफआईआर की एक कॉपी सेन्ट्रल एजेंसी के पास भेजी जाती है। क्योंकि बम की धमकियां सिर्फ राजस्थान नहीं कई राज्यों में आ रही हैं।

## जस्टिस नागरत्ना बोलीं-जज फैसला देते वक्त करियर की न सोचें

### अलोकप्रिय फैसलों से न डरें, पद की शपथ-न्यायिक धर्म का पालन करें

बढ़ता राजस्थान



**कोच्चि।** सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि न्यायाधीशों को अपने फैसले देते समय करियर पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंता नहीं करनी चाहिए। भले ही अलोकप्रिय निर्णय पदोन्नति या कार्यकाल विस्तार को प्रभावित करें, फिर भी उन्हें अपने पद की शपथ और न्यायिक धर्म का पालन करना चाहिए। मंगलवार को केरल हाई कोर्ट में जस्टिस टीएस कृष्णमूर्ति अय्यर स्मृति व्याख्यान में उन्होंने 'परिवर्तनकारी संवैधानिकता' और 'मूल संरचना सिद्धांत' के संदर्भ में न्यायिक समीक्षा के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सामूहिक हित के नाम पर कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मूल संरचना सिद्धांत संविधान की न्यूनतम सीमाएं तय करता है, जबकि परिवर्तनकारी संवैधानिकता उसे आगे बढ़ने की दिशा देती है। इन सीमाओं की निगरानी न्यायपालिका द्वारा न्यायिक समीक्षा के जरिए ही संभव है। परिवर्तनकारी संवैधानिकता का इस्तेमाल व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कम करने या राज्य की दमनात्मक शक्तियों को सामान्य बनाने के लिए नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हैबियस कॉर्पस जैसे अधिकार संविधान की मूल भावना का हिस्सा हैं और इन्हें कमजोर करना संवैधानिक सीमाओं के खिलाफ होगा।

न्यायिक समीक्षा के तहत अदालतों को कई बार कानूनों को असंवैधानिक घोषित करना, कार्यपालिका की कार्रवाई पर रोक लगाना या संसद द्वारा पारित संवैधानिक संशोधनों को भी निरस्त करना पड़ता है।

## प्रदेश में टेंपरेचर 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा

### दिन-रात में सामान्य से ज्यादा तापमान; गर्मी और बढ़ने की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को राज्य के कई शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। पश्चिमी जिलों में तो दिन में झुलसाने वाली गर्मी रही।

बाड़मेर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने से मंगलवार रात में कुछ शहरों में हल्की ठंडक रही, लेकिन तापमान सामान्य से ज्यादा रहा।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 2-3 दिन में तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ दिन में गर्मी और तेज होने की संभावना जताई है।



पिछले 24 घंटे में आसमान बिल्कुल साफ रहा और सुबह से तेज धूप निकली। पिलानी, चित्तौड़गढ़, पाली, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, नागौर, जालोर और लूणकरणसर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

### सभी शहरों का पारा 31 डिग्री से ऊपर

राजस्थान में मंगलवार को सभी शहरों का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। अलवर में अधिकतम तापमान 31.4, जयपुर, उदयपुर में 33.9, सीकर में 32.5, गंगानगर में 33.3, बारां में 32.9, हनुमानगढ़ में 31.2, सिरोही में 32.8 और झुंझुनूं में 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। तेज गर्मी के कारण अब तमाम शहरों में सुबह-शाम घरों-दफ्तरों में पंखे चलने शुरू हुए। जबकि पश्चिमी जिलों में तो दिन में कूलर, एसी की शुरूआत हो गई।

### रात का तापमान गिरा, ठंडक बढ़ी

राज्य में दिन का तापमान भले ही बढ़ रहा हो, लेकिन मंगलवार रात के न्यूनतम तापमान में कई शहरों में 1 से 2 डिग्री तक की गिरावट हुई। चूरू, सीकर, अलवर, टोंक, करौली, दौसा, झुंझुनूं, बारां में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम तापमान फतेहपुर में 10 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी,नमक के नीचे दबने से 2 दोस्तों की मौत:एक पंचायत सहायक था; बाइक पर परिचित से मिलने जा रहे थे

**नागौर।** डीडवाना-कुचामन में नमक से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बाइक सवार युवकों पर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दोनों दोस्तों की मौत हो गई। मरने वालों में एक पंचायत सहायक था। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार दोपहर नावां कस्बे के जब्दीनगर गांव में हुआ। थानाधिकारी नंदलाल रिणवां ने बताया- हादसे में जब्दीनगर निवासी राधेश्याम (45) पुत्र पूरणमल और शंकरलाल (43) पुत्र मन्नालाल की मौत हो गई। राधेश्याम नावां में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत थे। जबकि शंकरलाल मजदूरी करता था।

## भारत दुनिया के लिए भरोसेमंद डिजिटल ब्रिज का निर्माण कर रहा है : ज्योतिरादित्य सिंधिया

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत केवल अपने 1.4 अरब नागरिकों के लिए नेटवर्क नहीं बना रहा, बल्कि पूरी दुनिया के लिए भरोसेमंद डिजिटल ब्रिज तैयार कर रहा है। उन्होंने स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 के दौरान भारत पवेलियन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम दुनिया के प्रमुख प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंचों में से एक है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच से प्रेरित होकर भारत मानता है कि कनेक्टिविटी का उद्देश्य मानवता को सशक्त बनाना, साझेदारियों को मजबूत करना और साझा समृद्धि को बढ़ावा देना होना चाहिए। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि जब दुनिया 'आईक्यू युग' में कनेक्टिविटी के भविष्य पर चर्चा कर रही है, तब भारत बुद्धिमत्ता और इंफ्रास्ट्रक्चर के संगम पर खड़ा है, जहां कनेक्टिविटी क्षमता से जुड़ती है और नवाचार समावेशन से मिलता है। सिंधिया ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का टेलीकॉम परिवर्तन स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, भरोसेमंद टेलीकॉम इकोसिस्टम, प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहरे एकीकरण पर आधारित रहा है।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब तीन दिन की राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे हैं। उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण के बाद हो रहा है। राष्ट्रपति स्टब का पद संभालने के बाद यह पहला भारत दौरा है। नई दिल्ली पहुंचने पर उनका एयरपोर्ट पर विदेश मामलों के राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने स्वागत किया। फिनलैंड के राष्ट्रपति के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

वहीं, राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के भारत आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत करते हुए सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, भारत में आपका स्वागत है। मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं, आपकी यात्रा भारत-फिनलैंड संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मैं कल हमारी बैठक और रायसीना डायलॉग 2026 में आपके मुख्य भाषण का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ।



विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत में आपका हार्दिक स्वागत है। फिनलैंड गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब नई दिल्ली पहुंचे हैं। राष्ट्रपति स्टब का औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति स्टब 7 मार्च तक भारत में रहेंगे और उनके साथ एक हाई-लेवल डेलीगेशन भी है, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख बिजनेस लीडर शामिल हैं। अपनी यात्रा के दौरान वे नई दिल्ली में 5 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाले रायसीना डायलॉग के 11वें एडिशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे।

एमईए के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब कई सेक्टर में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे, जिसमें बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग भी शामिल है। पीएम मोदी राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में एक लंच भी आयोजित करेंगे।

आपको बता दें, अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति स्टब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी उनसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात करेंगे।

इसके अलावा, दिल्ली में अपने कार्यक्रमों के बाद राष्ट्रपति स्टब मुंबई जाएंगे, जहां वे महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलेंगे। मुंबई में वे भारतीय व्यापार नेताओं से संवाद करेंगे और भारत-फिनलैंड व्यापार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।